डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com





आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वर्ष -09 अंक -117 प्रयागराज , शुक्रवार,14,जुलाई, 2023 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### करनाल जीटी रोड पर दो ट्रकों में टक्कर, चार कांवड़ियों की मौके पर मौत, कई घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देर रात सिरसपुर जीटी रोड पर दो गाड़ियों का एक्सीडेंट हो गया, जिससे कई लोगों की मौके पर मौत हो गई। के बुधवार देर रात सिरसपुर जीटी रोड पर भीषण सड़क हादसे में चार कांवड़ियों की मौके पर मौत हो गई।पुलिस के अनुसार एक ट्रक नांगलोई के पास से कांवड़ यात्रियों को लेकर हरिद्वार जा रहा था तभी दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक ने डिवाइडर को पार कर जीटी करनाल रोड पर विपरीत दिशा में आ रहे कांवड़ियों के ट्रक को टक्कर मार दी।



पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अलीपुर पुलिस थाना में देर रात करीब पौने एक बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें कॉलर ने बताया कि सिरसपुर जीटी रोड पर दो ट्रकों की टक्कर हो गई है, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक नांगलोई के पास से कांवड़ यात्रियों को लेकर हरिद्वार जा रहा था तभी दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक ने डिवाइडर को पार कर जीटी करनाल रोड पर विपरीत दिशा में आ रहे कांवड़ियों के ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 14 लोगों घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सत्यवादी हरिश्चंद्र अस्पताल नरेला में भर्ती कराया है। वहीं, डॉक्टरों ने इनमें से चार लोगों को मृत घोषित कर दिया है और दो लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। साथ ही पांच अन्य घायलों को जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल रेफर कर दिया है।पुलिस ने आगे बताया कि ट्रक में 20 से 23 लोग कांवड़ लेने जा रहे थे, जिसमें से 15 लोग घायल हो गए,जबकि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित ट्रक चालक घटना के बाद से फरार है। अलीपुर थाना पुलिस ने 279/304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## जुलाई के महीने में ही क्यों लॉन्च हो रहा चंद्रयान-3 ये है कारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष की दुनिया में भारत इस सप्ताह नया इतिहास रचने जा रहा है। इसरो चंद्रयान-3 को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सभी तैयारियां पूरी



कर ली गई है और अभियान को लेकर उल्टी गिनती भी शुरू हो चुकी है। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के साथ ही भारत चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा। भारत एक नया इतिहास रचने जा रहा है। 14 जुलाई 2023 को भारत चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च करेगा। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के साथ ही भारत चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा। चंद्रयान-3 लॉन्च करने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चंद्रयान-3 मिशन के तहत घ्ंैध् 23 अगस्त या 24 अगस्त को चंद्रमा पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' का प्रयास करेगा। बता दें कि चंद्रयान-3 घ्ंैध् का ड्रीम प्रोजेक्ट है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को दोपहर 02.35 बजे लॉन्च किया जाएगा। घ्ंैध् प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत घ्ंैध् 23 अगस्त या 24 अगस्त को चंद्रमा पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' का प्रयास करेगा। जुलाई महीने में प्रक्षेपण करने का कारण ठीक चंद्रयान-2 मिशन (22 जुलाई, 2019) जैसा ही है क्योंकि साल के इस समय पृथ्वी और उसका उपग्रह चंद्रमा एक-दूसरे के बेहद करीब होते हैं। शुक्रवार का मिशन भी चंद्रयान-2 की तर्ज पर होगा जहां वैज्ञानिक कई क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। इनमें चंद्रमा की कक्षा पर पहुंचना, लैंडर का उपयोग कर चंद्रमा की सतह पर यान को सुरक्षित उतारना और लैंडर में से रोवर का बाहर निकलकर चंद्रमा की सतह के बारे में अध्ययन करना शामिल है। देश के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन अभियान के तहत चंद्रयान-3 को ' फैट बॉय' थ्ट्ठ3-श्४ रॉकेट ले जाएगा। चांद की सतह पर साफ्ट लैंडिंग अगस्त के आखिर में निर्धारित है। वैज्ञानिक यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में घंटों कड़ी मेहनत करने के बाद चांद की सतह पर साफ्ट लैंडिंग तकनीक में महारत हासिल करने का लाक्ष्य साधे हुए हैं। यह मिशन भावी अन्तरग्रहीय मिशनों के लिए भी सहायक साबित हो सकता है। सबसे लंबे और भारा रॉकेट (पूर्व में जीएसएलवी एमके3) की भारी भरकम सामान ले जाने की क्षमता की वजह से इसरो के विज्ञानी उसे प्यार से 'फैट बॉय' कहते हैं। इसने लगातार छह सफल अभियानों को पूरा किया है। रॉकेट तीन माड्यूल का समन्वय है, जिसमें प्रणोदन, लैंडर और रोवर शामिल हैं। रोवर लैंडर के भीतर रखा है। शुक्रवार का यह मिशन की चौथी परिचालन उड़ान है, जिसका मकसद चंद्रयान-3 को भू-स्थानांतरित कक्षा में स्थापित करना है।

## सीएम केजरीवाल के घर तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत सहित पहाड़ी राज्यों में आसमान से बारिश



कहर बनकर बरस रही है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और दिल्ली समेत अन्य राज्यों में बारिश ने हाल बेहाल कर रखा है उत्तर भारत सहित पहाड़ी राज्यों में आसमान से बारिश कहर बनकर बरस रही है। हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इस वजह दिल्ली में यमुना नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। यमुना में जलस्तर बढ़ने से दिल्ली के आईटीओ निगम बोध घाट सिविल लाइन्स और जैतपुर सहित कई इलाकों में पानी घुस आया है भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को भी कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तराखंड, बिहार और दिल्ली के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, सरकार ने भी अपने अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए कहा है दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिन इलाकों में जलभराव है, वहां सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज वजीराबाद जल उपचार संयंत्र का दौरा करेंगे। बाढ़ के कारण प्लांट बंद कर दिया गया है।

## राष्ट्रपति मैक्रों के साथ डिनर बैस्टिल समारोह में चीफ गेस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से पेरिस के लिए रवाना हुए। वे भारतीय समयानुसार शाम करीब 4 बजे पेरिस पहुंचेंगे जहां ओरली हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह फ्रांस और यूएई की




आधिकारिक यात्रा के लिए भारत से रवाना हुए। वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आधिकारिक निमंत्रण पर 13 से 14 जुलाई तक फ्रांस का दौरा कर रहे ह प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से पेरिस के लिए रवाना हुए। वे भारतीय समयानुसार शाम करीब 4 बजे पेरिस पहुंचेंगे जहां ओरली हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीफ गेस्ट के रूप में बैस्टिल दिवस समारोह में भाग लेंगे। वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अन्य फ्रांसीसी गणमान्य व्यक्तियों के साथ सार्थक चर्चा करेंगे और भारतीय समुदाय और शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीफ गेस्ट के रूप में बैस्टिल दिवस समारोह में भाग लेंगे। वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अन्य फ्रांसीसी गणमान्य व्यक्तियों के साथ सार्थक चर्चा करेंगे और वह भारतीय प्रवासियों, भारतीय और फ्रांसीसी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और प्रमुख फ्रांसीसी हस्तियों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करेंगे। फ्रांस रवाना होने से पहले, पीएम मोदी ने एक बयान में कहा कि वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने और दोनों देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। भारतीय समयानुसार शाम लगभग 7:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी सीनेट पहुंचेंगे और सीनेट के अध्यक्ष गेराड लार्चर से मुलाकात करेंगे। भारतीय समयानुसार रात लगभग 8:45 बजे, इश् मोदी फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिज़ाबेथ बोर्न के साथ बैठक करेंगे। वे भारतीय समयानुसार रात करीब 11 बजे प्रतिष्ठित ला सीन म्यूजिकल में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके बाद लगभग भारतीय समयानुसार देर रात 12:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक निजी रात्रिभोज के लिए एलिसी पैलेस पहुंचेंगे।

## मणिपुर के 31 विधायकों ने म्यांमार सीमा पर बाड़ के काम में तेजी लाने की मांग की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**मणिपुर के 31 विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भारत-म्यांमार सीमा पर चल रहे बाड़ लगाने के काम में तेजी लाने का आग्रह किया है ताकि सीमा पार से उग्रवादियों और अराजक तत्वों की आवाजाही को रोका जा सके। ऐसे तत्व राज्य में अशांति फैला रहे हैं। मणिपुर के 31





विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भारत-म्यांमार सीमा पर चल रहे बाड़ लगाने के काम में तेजी लाने का आग्रह किया है ताकि सीमा पार से उग्रवादियों और अराजक तत्वों की आवाजाही को रोका जा सके। ऐसे तत्व राज्य में अशांति फैला रहे हैं। बता दें कि मणिपुर में म्यांमार के साथ लगती करीब 400 किलोमीटर लंबी सीमा बिना बाड़ वाली है। मणिपुर में म्यांमार के साथ लगती करीब 400 किलोमीटर लंबी सीमा बिना बाड़ वाली है। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में शांति बहाली के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। साथ ही कहा गया कि पांच जुलाई, 2023 को चूड़चंदपुर में आयोजित शांति मार्च के दौरान आग्नेयास्त्रों और गोला-बारूद के सार्वजनिक प्रदर्शन की भी व्यापक जांच की जानी चाहिए। पुलिस का यह कदम इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित उस वीडियो के बाद सामने आया है जिसमें कुछ सशस्त्र हमलावरों को काली वर्दी पहने देखा गया था, जोकि तीन मई से राज्य में शुरू हुई हिंसा के दौरान चुराई गई प्रतीत होती है। मणिपुर में मैती व कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसा में अब तक 150 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच अधिकारियों ने कहा है कि राज्य में सुरक्षा बलों को उन 19 पुलिस स्टेशनों क्षेत्रों में काम करना मुश्किल हो रहा है, जिन्हें अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था। सुरक्षा बल वहां झूठे आरोपों से बचने के लिए अपनी ड्यूटी के दौरान अपने साथ एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी की मांग कर रहे हैं।

## पीएम मोदी के इस यात्रा से फ्रांस के साथ रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह फ्रांस और यूएई की आधिकारिक यात्रा के लिए भारत



से रवाना हुए। वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के आधिकारिक निमंत्रण पर 13 से 14 जुलाई तक फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। फ्रांस के अपने दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान जारी करते हुए अपनी फ्रांस यात्रा के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह फ्रांस और यूएई की आधिकारिक यात्रा के लिए भारत से रवाना हुए। वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के आधिकारिक निमंत्रण पर 13 से 14 जुलाई तक फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। फ्रांस के अपने दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान जारी करते हुए अपनी फ्रांस यात्रा के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर जारी किए गए अपने बयान में कहा, ''मैं अपने मित्र फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर 13-14 जुलाई तक फ्रांस की आधिकारिक यात्रा कर रहा हूं। ये यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि मैं फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस या बैस्टिल डे समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ इस समारोह में शामिल होने जा रहा हूं।पीएम मोदी ने कहा, ''भारतीय त्रि-सेवा दल बैस्टिल डे परेड का हिस्सा होगा, जबकि भारतीय वायु सेना के विमान इस अवसर पर फ्लाई-पास्ट करेंगे। इस साल हमारी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस रक्षा, अंतरिक्ष, नागरिक परमाणु, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति और लोगों से संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में निकटता से सहयोग करते हैं। हम क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी मिलकर काम करते हैं।उन्होंने कहा, ''मैं राष्ट्रपति मैक्रों से मिलने और अगले 25 वर्षों में इस दीर्घकालिक और परिपक्व साझेदारी को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। 2022 में फ्रांस की मेरी आखिरी आधिकारिक यात्रा के बाद से मुझे राष्ट्रपति मैक्रों से कई बार मिलने का अवसर मिला है। हाल ही में मई 2023 में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जापान के हिरोशिमा में हमारी मुलाकात हुई।पीएम मोदी ने बयान में आगे कहा कि वह अपने फ्रांसीसी समकक्ष एलिजाबेथ बोर्न, फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर और फ्रांसीसी नेशनल असेंबली के अध्यक्ष येल ब्राउन-पिवेट समेत फ्रांसीसी नेतृत्व के साथ बातचीत से मिलने के लिए उत्सुक हैं।बयान में पीएम मोदी ने कहा कि वह भारतीय समुदाय और दोनों देशों के प्रमुख सीईओ से मुलाकात करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी यात्रा भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान करेगी।

## कानूनों से जुड़े 183 प्रविधान होंगे खत्म, जन विश्वास संशोधन विधेयक, 2023 पर मोदी कैबिनेट ने लगाई मुहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जन विश्वास (प्रविधान संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी। कारोबार को सुगम बनाने और नागरिकों के दैनिक कामकाज को आसान करने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों के 183 प्रविधानों को या तो खत्म कर दिया जाएगा या उनमें संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटा दिया जाएगा। जिन अधिनियमों में संशोधन किया जा रहा है, वे 19 मंत्रालयों से जुड़े हुए हैं। इनमें जेल की सजा से जुड़े कई प्रविधान भी शामिल हैं। इन संशोधनों को लागू किए जाने से मुकदमों का बोझ घटेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को जन विश्वास विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी। विधेयक बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के लिए आया। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले साल 22 दिसंबर को लोकसभा में जन विश्वास (प्रविधान संशोधन) विधेयक पेश किया था। इसके बाद विधेयक को विचार के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि यह विधेयक बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के लिए आया। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले साल 22 दिसंबर को लोकसभा में जन विश्वास (प्रविधान संशोधन)



विधेयक पेश किया था। इसके बाद विधेयक को विचार के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया था। समिति ने विधायी और विधि मामलों के विभागों के साथ-साथ सभी 19 मंत्रालयों के साथ विस्तृत चर्चा की है। रिपोर्ट को इस साल मार्च में अंतिम रूप दिया गया। उसी महीने इसे राज्यसभा और लोकसभा में पेश किया गया। प्रस्तावित संशोधन के तहत कई कानूनी प्रविधानों में जेल के बदले सिर्फ आर्थिक दंड देने की सिफारिश की गई है। उदाहरण के लिए मर्चेंट शि□पग अधिनियम, 1958 के तहत किसी दुर्घटना में जहाज की भागीदारी की सूचना अधिसूचित अधिकारी को देने में विफल रहने पर एक साल की सजा, 10 हजार तक जुर्माना या दोनों का प्रविधान है। संशोधित विधेयक में इस सजा को पांच लाख रुपये जुर्माना कर दिया गया है। संसदीय समिति ने केंद्र को सुझाव दिया था कि वह छोटे-मोटे मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रोत्साहित करे। समिति ने कहा था कि सरकार को पिछली तिथि से प्रविधानों में संशोधन करना चाहिए। इससे अदालतों में लंबित मामलों को निपटाने में मदद मिलेगी। ये 42 कानून विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों से संबद्ध हैं। इन मंत्रालयों में वित्त, वित्तीय सेवाएं, कृषि, वाणिज्य, पर्यावरण, सड़क परिवहन और राजमार्ग, डाक, इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी शामिल हैं। स्वतंत्रता से पहले के भी कई कानूनों में संशोधनजिन अधिनियमों में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव है, उनमें कई कानून स्वतंत्रता से पहले के हैं। इनमें भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, सार्वजनिक ऋण अधिनियम, 1944, फार्मेसी अधिनियम, 1948, सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952, कापीराइट अधिनियम, 1957; पेटेंट अधिनियम, 1970, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, मोटर वाहन अधिनियम, 1988, ट्रेड मा?र्क्स अधिनियम, 1999, रेलवे अधिनियम, 1989, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002, खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 आदि शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी की हुई नियुक्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने पिछले हफ्ते उनकी पदोन्नति की सिफारिश की थी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लिखा कि भारत के संविधान की ओर से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी को सुप्रीम कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्त किया है। जस्टिस उज्जवल



भुइयां वर्तमान में तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दोनों जजों की नियुक्ति की जानकारी देते हुए ट्वीट किया है।

## सरकार ने सोने के कुछ आभूषणों के आयात पर लगाया प्रतिबंध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सोने के आभूषणों पर अहम फैसला लिया



है। सरकार ने कई वस्तुओं के साथ ही सोने के आभूषणों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का मानना है कि इससे कई गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात को भी कम करने में मदद मिलेगा। अब सोने के आभूषणों को आयात करने के लिए आपके पास लाइसेंस होना अनिवार्य कर दिया है। भारत-यूएई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। डीजीएफटी ने इसके लिए एक अधिसूचना जारी की है जिसमें ये बताया गया है कि कई उत्पादों की आयात-नीति पर संशोधन किया गया है। आयात दरों में आई गिरावट चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-मई के दौरान मोती, कीमती पत्थरों के आयात में कमी आई है। अब ये 25.36 फीसदी घटकर 4 बिलियन डालर हो गया है। वहीं इस अवधि में सोने का आयात 40 फीसदी घट गया है। अब ये केवल 4.7 बिलियन रह गया है। कुल वस्तु आयात 10.24 फीसदी कम होकर अब 107 बिलियन डालर हो गया है। वहीं, वस्तु व्यापार का आयात 37.26 बिलियन हो गया है।

# दिन में उमस की वजह से पसीने तो रात में हुई रिमझिम बारिश

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** बादलों ने भी अब मोहल्ले बांट लिए हैं। मंगलवार को दिन के वक्त बीच शहर सूखा रहा तो शहर के ही इलाकों में बादल झमाझम बरसे। जहां बारिश नहीं हुई, वहां भीषण उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर नजर आए और जहां बादल बरसे वहां लोग बारिश में खूब भीगे रात के वक्त शहर में गरज के साथ हुई 1 बारिश ने शहरियों को उमस से राहत दिलाई। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसा हो रहा है। दोपहर ढाई बजे के बाद सूबेदारागंज, रेलगांव कॉलोनी, न्यायविहार कॉलोनी, धूमनगंज, सुलेमसराय स्थित शेरवानी लीगेसी, राजरूपपुर, मुंडेरा एवं आसपास के इलाकों में तकरीबन एक एक घंटे बादल जमकर बरसे। वहीं, सिविल लाइंस, कटरा, जॉर्जटाउन, अल्लापुर, चौक सहित कई क्षेत्रों में सूखा पड़ा रहा। दिन में कई बार आसमान पर काले बादल छाए नजर आए, लेकिन बरसे नहीं। इन क्षेत्रों में दिन के वक्त भीषण उमस रही और बाजार में खरीदारी के लिए पहुंचे लोग पसीने से तरबतर दिखे। हालांकि, रात नौ बजे के आसपास जॉर्जटाउन, टैगोरटाउन, सोहबतियाबाग, तुलारामबाग, बेलीरोड, जॉर्जटाउन, सिविल लाइंस, कटरा, कीडगंज, अल्लापुर सहित शहर के बड़े हिस्से और गंगापार एवं यमुनापार में गरज के साथ छींटे पड़े। कहीं फुहारें पड़ीं तो कहीं तेज बारिश हुई। हवाएं ठंडी हुई तो लोगों को उमस से काफी राहत मिली। मौसम विज्ञान डॉ. शलेंद्र कुमार राय का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का नतीजा है कि लगातार बारिश नहीं हो पा रही है और बादल ब्लॉकों में बंट गए हैं। वहीं, मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को भी दिन बादल छाए रहेंगे और दिन में दो से तीन बार गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। मौसम विभाग ने 12 जुलाई को भारी बारिश होने की संभावना जताई है।



# प्रयागराज में वकील को गोली मारी:साथियों के साथ बेली रोड पर जाम लगाया; 40 मिनट तक हंगामा



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** प्रयागराज में मंगलवार को अधिवक्ता राज कुमार श्रीवास्तव को जमीनी विवाद में गोली मार दी गई। हालांकि वो बाल-बाल बच गए। गोली चलने से इससे नाराज अधिवक्ताओं ने टीबी सप्रू अस्पताल (बेली) के सामने जाम लगा दिया। थोड़ी ही देर में मेयोहॉल से लेकर तेलियरगंज चौराहे तक जाम लग गया। इससे पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। काफी मशक्कत के बाद और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद अधिवक्ताओं ने रास्ता साफ किया। गोली चलाने विनोद कुमार मिश्रा पुलिस हिरासत में अधिवक्ता राजकुमार श्रीवास्तव ने कर्नलगंज पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा गया है कि जमीन के विवाद में उनके ऊपर विनोद कुमार मिश्रा द्वारा फायरिंग की गई। फायरिंग में वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोली चलाने के आरोपी अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्रा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने राजकुमार श्रीवास्तव को काफी समझाया कि आरोपी पर कानूनी कार्रवाई होगी। विनोद मिश्रा को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ हो रही है और उनके पास से 1 पिस्टल, 1 डबल बैरल बंदूक बरामद कर लिया गया है। इसके बाद हंगामा कर रहे अधिवक्ताओं को पुलिस ने काफी समझा-बुझाकर किसी तरह से जाम खुलवाया। जाम की वजह से तेलियरगंज से लेकर नेहाल चौराहे तक जो जहां रहा वहां 40 मिनट तक फंसा रहा।

# प्रयागराज प्राथमिक विद्यालय में गर्मी और उमस से बेहोश हुए बच्चे, मचा हड़कंप

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवरी कला करछना में प्रार्थना के दौरान एक बच्ची बेहोश हो गई। सुबह प्रार्थना के दौरान वह अचानक गिर गई। इससे विद्यालय में अफरातफरी मची रही। उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारे गए। साथ ही नींबू, नमक, चीनी पानी का घोल पिलाया गया। सूचना पाकर उसके माता पिता भी विद्यालय पर पहुंच गए। उसे पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया माना जा रहा है कि उमस और गर्मी के चलते बच्ची बेहोश हुई है। इसी तरह से बहादुरपुर ब्लॉक के रिठया गांव के प्राथमिक विद्यालय में भी कक्षा में पढ़ाई के दौरान एक बच्चा बेहोश हो गया। इससे विद्यालय में अफरातफरी मची रही। उसको पास के एक अस्पताल में ले जाया गया। तेज गर्मी और उमस के कारण छोटे बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है। जिले के कई स्कूलों में इस तरह की घटनाएं रोजाना हो रही हैं। वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने इन घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक करने की मांग की है।



# पुरानी रंजिश में मारा गया युवक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार को बीती रात सोरांव इलाके में एक बारात में शामिल होने गए युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई और उसका शव गांव से करीब 500 मीटर दूर मिला। हत्या का कारण पुरानी रंजिश है। गांव के तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। परिजन धरने पर बैठ गए हैं। जानकारी पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। पुलिस परिजनों को समझाने बुझाने में जुटी है।



# प्रयागराज मे पुलिस ने न्यायालय में सरेंडर करने जा रहे युवक को दबोचा



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** को पुलिस ने बीच रास्ते में ही दबोच लिया। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ। जिसके कारण सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोपी के वकीलों ने पुलिस अभद्रता का आरोप लगाया है। होलागढ़ के प्रधान का पति राहुल पांडेय हत्या के प्रयास के एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस उसको काफी दिनों से खोज रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की राहुल पांडेय सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए जा रहा है। पुलिस ने शहर के महाराणा प्रताप (मेयो हॉल) चौराहे के पास आरोपी को दबोच लिया। इसको लेकर आरोपी के वकीलों ने हंगामा शुरू कर दिया। वकील पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए सड़क पर बैठ गए। इसके कारण आवागमन बाधित हो गया यह मामला काफी देर तक चलता रहा। इसके बाद पुलिस आरोपी को लेकर थाने पहुंची। अधित्का रत्नेश शुक्ला का आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ अभद्रता और धक्का मुक्की की। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया।

# सिविल डिफेंस डिविजन चौक की बैठक एवं सम्मान कार्यक्रम सकुशल संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** प्रयागराज के रानी मंडी स्थित बच्चा धर्मशाला में डिविजन चौक की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं सम्मान पत्र कार्यक्रम सफलपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के आवाह्न संचारी रोग डेंगू, मलेरिया आदि बीमारी से बचाव व लावा छिड़काव हर गली मोहल्लों मैं हो इसकी चर्चा हुई। डिविजन चौक के कार्यक्रम से व डिप्टी कंट्रोलर नरेंद्र शर्मा के मध्यम से शुरुआत की गई। साथ ही वार्डनो के प्रोमोशन होने पर अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। जिसमें प्रवीण अग्रवाल को स्टाफ ऑफिसर (प्र.चि.), गौरव बाजपेई को पोस्ट वार्डन पोस्ट 9, दिवाकर सिंह को डिप्टी पोस्ट वार्डन 9 व परवेज अहमद को डिप्टी पोस्ट वार्डन पोस्ट 8 का बनने पर सम्मानित कर स्टाफ ऑफिसर प्रवीण अग्रवाल को स्टार रैंकिंग कर शुशोभित किया गया। डिविजन चौक के सभी दसों पोस्ट के पोस्ट वार्डन, डिप्टी पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन एवम फायर फाइटर को माल्यार्पण कर सम्मान पत्र के मध्यम से सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन से आए यंग डाईनेमिक आई.पी.एस अधिकारी नीतू एवं सिविल डिफेंस मुख्यालय से आए डिप्टी कंट्रोलर नरेंद्र शर्मा, सीनियर एडिशनल डिप्टी कंट्रोलर राकेश कुमार तिवारी, चीफ वार्डन अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी चीफ वार्डन सादिक हुसैन सिद्दकी, सभापति मोहन, टंडन जी, ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र, डिविजनल वार्डन रिजर्व नगर से रौनक गुप्ता को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यातायात पुलिस से आए ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय को जोकि निरंतर डिविजन चौक के ट्रैफिक जागरूकता अभियान में सहयोग देते रहते है, उन्हे अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डिविजन चौक के डिविजनल वार्डन सुधीर सक्सेना, डिप्टी डिविजनल वार्डन मनी मेहरा, स्टाफ ऑफिसर प्रवीण अग्रवाल, आई.सी.ओ मो0 याकूब।



# मा0 मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग ने वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** मा0 मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग, उ0प्र0 श्री सुरेश खन्ना बुधवार को सर्किट हाउस के सभागार में वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने पेंशनरों के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पेंशन के भुगतान के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की, जिसपर मुख्य कोषाधिकारी कलेक्टेट्रट श्री शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि पेंशनरों का भुगतान समय से हो जाता है। कहा कि पेंशनर्स के भुगतान में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने पाती है। उन्होंने कोषागार में सृजित पदों एवं उसके सापेक्ष कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मा0 मंत्री जी ने कोषागारों में साफ-सफाई के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जिसपर मुख्य कोषाधिकारी के द्वारा बताया कि कोषागारों में नियमित रूप से साफ-सफाई होती है। मा0 मंत्री जी ने सहायक रजिस्ट्रार चिट फंड सोसायटी से उपजिलाधिकारियों के यहां लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए समन्वय बनाकर प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा सहित अन्य विभागों में वित्त से सम्बंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को समय से कार्यों को सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी कलेक्टेट्रट श्री शिवेन्द्र सिंह, अन्य कोषाधिकारियों सहित सम्बंधित विभागों के लेखाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** प्रयाग आधुनिक समाचार सेवा बारा यमुनानगर(बारा) विकासखण्ड जसरा के समस्त विद्यालयों में खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित विद्यालयों के अध्यापकों को उन्होंने सख्त हिदायत दी कि अभिभावक अध्यापक गोष्ठी आयोजित की जानी चाहिए। जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति, बच्चों का ठहराव,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ऑपरेशन कायाकल्प, दिव्यांग बच्चों को शिक्षा एवं निपुण शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने आज प्राथमिक विद्यालय सेहुंडा, प्राथमिक विद्यालय गंभीरपुर, प्राथमिक विद्यालय रघुवीर का पुरवा में आकस्मिक निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आगे भी निरीक्षण का अभियान जारी रहेगा।



# खुल्दाबाद थाने परिसर में बने आवासीय मकान का जर्जर बारजा गिरा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाने परिसर में बने आवासीय मकान का जर्जर बारजा गिरा बाल-बाल बचा हेड कांस्टेबल हिम्मत सिंह का परिवार, खुल्दाबाद थाने के परिसर में बने आवासीय टाइप टू ब्लॉक नंबर ए पर रहते हैं मुट्ठीगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल हिम्मत सिंह का परिवार प्रयागराज में हो रही थी जब झमाझम बारिश उस दौरान जर्जर बराजा गिरा फिलहाल किसी प्रकार का अनहोनी नही हुई, अगर परिवार का कोई भी सदस्य बाहर होता तो हो सकती कोई अप्रिय घटना।



आधुनिक गेस्ट हाउस

विशेषताएं -

- पूर्णत: वाटर प्रूफ (टीन शेडेड)
- गेस्ट हाउस के भीतर ही पार्किंग की सुविधा
- गेस्ट हाउस के भीतर ही मन्दिर
- सम्पूर्ण गेस्ट हाउस में सीसीटीवी कैमरे की सुविधा
- छोटे-बड़े समस्त कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग रेट
- लगभग 45000 sq. ft. एरिया के हरे-भरे वातावरण में विस्तृत गेस्ट हाउस



आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औद्योगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज
बुकिंग सम्पर्क सूत्र 8816897337 , 9415608783 , 9415608710
SATYAM # 9305124298



## वाराणसी के पावन धरती पर नुसी के जनरल सेक्रेटरी श्री मिलिंद कांदलगांवकर का सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** नेशनल यूनियन आफ सीफेरर्स आफ इंडिया मुंबई का 22 वा कार्यालय वाराणसी उत्तर प्रदेश में उद्घाटन माननीय नुसी जनरल सेक्रेटरी श्री मिलिंद कांदलगावकर द्वारा किया गया इस मौके पर श्री सुरेश सोलंकी (बापू), कैप्टन राकेश सिंह श्री जनार्दन फ्लीट कंपनी,कैप्टन प्रधान एंगलो ईस्टर्न कंपनी शिप, प्रकाश ठाकुर, विजय यादव इस कार्यालय के उद्घाटन के दौरान नूसी के मेंबरशिप लेने के फायदे के बारे में यूपी बिहार के हजारों की संख्या में आए हुए सीफेरर्स को अनेक जानकारियों से अवगत कराया इस मौके पर नूसी के सक्रिय सदस्य फिरोज अहमद,राजा जानी, इश्तेखार अहमद, शहनवाज अहमद,बजरंगी फिरोज खान,इमरान,आमान,सुनील कुमार, सरीम,सिबलू भैया,नियाज अहमद अफसर,मोहम्मद यासिर फैसल,संदीप, मारूफ, सलमान, श्याम बाबू आदि ने आए हुए सभी माननीय का स्वागत अभिनंदन का धन्यवाद व्यक्त किया।



## खेल के मैदान से राजस्व कर्मियों ने हटवाया अवैध कब्जा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** कई वर्षों से ग्राम सभा की जमीन पर पूर्व प्रधान था। काबिज़ अधिकारियों के फटकार के बाद अपनी मौजूदगी में कराया कब्जा ।काबीज वर्तमान प्रधान के अथक प्रयासों के बाद हुआ कब्जा मुक्त बनेगा खेल मैदान युवाओं की बनेगी भविष्य। जी हां बताते चलें कि हरहुआ विकासखंड के पुरबपुर जिलाधिकारी से की गयी थी।वही सोमवार को उप जिलाधिकारी पिंडरा के आदेश पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने टीन सेट लगाकर किए गए अवैध कब्जे को हटवा दिया जिसको लेकर



मुक्त हरहुआ/ वाराणसी- वाह रे ग्राम प्रधान जिसकी जिम्मा गांव को सौंपी उसी ने ग्राम सभा की जमीन को हथिया लिया। योगी सरकार सरकारी जमीनों पर से अवैध कब्जा हटाने को लेकर गंभीर है एंटी भू माफिया दल का गठन कर सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवा रही है। वहीं पूर्व प्रधान ने कई वर्षों से ग्राम सभा की जमीन पर था ग्राम सभा स्थित आराजी नंबर 220 जो अभिलेखों में खेल के मैदान के खाते में दर्ज है। उक्त आराजी पर गांव के ही पूर्व प्रधान मुन्ना लाल कनौजिया एवं उनके पड़ोसी मनोज द्वारा टीन सेट लगाकर कई वर्षों से अवैध कब्जा किया था। जिसकी लिखित शिकायत वर्तमान प्रधान ओम प्रकाश पटेल द्वारा जिलाधिकारी सहित उप ग्रामीणों सहित युवाओं में में हर्ष का माहौल ब्याप्त है। बता दें कि उक्त कब्जे को लेकर गांव में आक्रोश एवं तनाव व्याप्त था। और गांव के लोगों ने अविलम्ब संबंधित अधिकारियों से उक्त आराजी को कब्जा मुक्त कराने की मांग किया था। राजस्व टीम में कानूगो लालमनी लेखपाल दिलीप गोंड़ संतोष पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

## इविवि के मृतक छात्र का शव रख चक्काजाम, आक्रोशित छात्रों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र की मौत के मामले में आक्रोशित छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन के सामने बुधवार को चक्काजाम शुरू कर दिया। आक्रोशित छात्र मृतक छात्र का शव छात्रसंघ भवन पर लाने की मांग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि शव को पहले छात्रसंघ भवन पर लाया जाए, इसके बाद उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाए। उधर पुलिस ने मृत छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही है। इसकी जानकारी होते ही छात्र सड़क जाम कर नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। छात्रों के साथ मृतक आशुतोष के पिता भी सड़क पर बैठे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बी. वोक का छात्र आशुतोष द्विवेदी (23) मंगलवार दोपहर अचेत होकर गिर गया। साथी छात्र उसे ई-रिक्शे से एसआरएन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशुतोष पुत्र गणेश शंकर द्विवेदी



इविवि के मीडिया अध्ययन केंद्र के बी. वोक पंचम सेमेस्टर का छात्र था वह मूल रूप से आरोखुर्द, चांदोपारा, हंडिया का रहने वाला था। दो बहनों में घर का इकलौता बेटा था। पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। आशुतोष अल्लापुर में अपने रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई करता था। साथी छात्र रमन ने बताया कि दोपहर लगभग 12:45 बजे आशुतोष इविवि में आया और एसबीआई के बगल स्थित कार्यालय में लगे वाटरकूलर से पानी पीया। इसके बाद बाहर निकला ही था कि अचेत होकर गिर पड़ा। साथी छात्र उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेज दिया। कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम में मौत की वजह सामने आएगी।एसआरएन अस्पताल में मृत छात्र के साथियों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह इविवि कैंपस में मौजूद एंबुलेंस को बुलाने गए। लेकिन चालक ने मना कर दिया। कहा कि आधिकारिक सूचना मिलने पर ही वह जाएगा। उधर अस्पताल पहुंची छात्र के माता मंजू देवी व पिता का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख रूपये से अधिक की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में 50 लाख रूपये से अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, यू0पी0 सिड़को, यू0पी0पी0सी0एल0 यू0पी0आर0एन0एस0एस0, उ0प्र0 आवास-विकास परिषद, सी0एण्ड0डी0एस0 यूनिट-10 व यूनिट 15, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई, जल निगम आदि के कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग का कार्य चल रहा है, उस विभाग के अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित निर्माण कार्यों का स्वयं निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान देते हुए कार्य को पूर्ण करायें, क्योंकि प्रोजेक्ट के निर्माण में समयबद्ध प्रगति न होने से ओवरहेड चार्जेंज बढ़ने है, जिससे प्रोजेक्ट की लागत तो बढ़ती ही है साथ ही साथ प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य भी देरी से प्राप्त होता है। उन्होंने प्रत्येक कार्यदायी संस्था के किए जा रहे प्रत्येक कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस माह पूर्ण किये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली एवं सभी कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया है कि कार्य को ससमय एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा किया जाये। जिलाधिकारी ने प्रत्येक निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, आवंटित धनराशि के सापेक्ष कार्य की स्थिति, कृतकार्य, कार्य के पूरा होने के समय, हैण्डओवर किए जाने व प्रोजेक्ट के समय से पूरा न होने में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली व आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को समयृ पर कार्यों का भौतिक निरीक्षण, सैम्पलिंग व टेस्टिंग कराते हुए निर्माण कार्यों को मानक के अनुरूप ही पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराने हेतु आपसी समन्वय बनाकर कार्य को पूरा कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रोजेक्ट जमीन की उपलब्धता एवं जमीन अधिग्रहण व जमीन से सम्बंधित विवादों के कारण समय से शुरू नहीं हो सके है, ऐसे मामलों को शीघ्रता से निस्तारित कराते हुए प्रोजेक्टों को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने जल निगम के सम्बंधित अधिकारियों से जल निगम के द्वारा कितने स्थानों पर प्रतिदिन कार्य हो रहा है तथा इन कार्यों में कितने कर्मी लगे हुए है, की जानकारी लेते हुए कार्मिको की संख्या को बढ़ाकर कार्य को तेजी के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यूपीसिडको के द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की मानीटरिंग व गुणवत्ता की जांच कराते हुए कार्य को समय से पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर डीएफओ श्री महावीर कौजलंगी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## विधि-विधान से पूजे गए देवाधिदेव महादेव, किया गया जलाभिषेक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर और



सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन शिव मंदिर में भक्तों की लंबी कतार देखी गई। भोर से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। बेल पत्र, धतूर, दूध, गंगा जल, भांग, मिष्ठान, नैवेद्य, फल और सुगंधित पुष्पों का भोग लगाकर देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में कावड़ियों ने पहिला महादेव, दशाश्वमेध महादेव मंदिर, सोमेश्वर महादेव और मनकामेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव, शिव कचहरी मंदिर, राजरूपपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिरों में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की कतार मंदिरों पर देखी गई। शिवतांडव और ऊं नमः शिवाय के साथ हर हर महादेव और बोल बम के उद्घोष होते रहे। शहर और गांव के सभी छोटे और बड़े शिव मंदिरों में भोर से ही पूजन अर्चन और जलाभिषेक शुरू हो गया। दशाश्वमेध घाट से जल भरकर कांवड़िए काशी विश्वनाथ के लिए रवाना हुए। मंदिरों के आसपास पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बदोबस्त किया गया। मंदिरों पर मेला लगा रहा। यहां खिलौने, फल, मिष्ठान्न और सौंदर्य प्रसाधान के सामग्रियों की बिक्री खूब हुई। संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ से माहौल भक्तिमय रहा। मनकामेश्वर महादेव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। यमुना तट पर स्थित यह मंदिर पौराणिक है और इसका कई पुराणों में जिक्र मिलता है।




## नैनी सेंट्रल जेल में बैठे माफिया अतीक के बेटे अली अपनी साथियों की मदद से वसूल रहे हैं रंगदारी और हड़प रहे हैं ज़मीन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की 15 अप्रैल, 2023 को गोली मारकर हत्या करदी गई थी , मगर उसका परिवार और उसके गुर्गों अपनी दबंगई के चलते लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। मना कर दिया तो फर्जी दस्तावेज तैयार कर जबरन कब्जा कर लिया। उन्होंने बताया, इस प्लाट को खाली कराने की कोशिश की गई तो इसके एवज में 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। दानिश ने आरोप लगाया कि यह सब



एक करेली का मामला सामने आया है। अतीक अहमद के बेटे अली पर करेली में 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगा है , इस आरोप में 5 साथी भी शामिल हैं। सभी पर नामजद ईंधें दर्ज की गई। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। माफिया का बेटा अली अभी नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। दानिश शकील ने बताया, 'उसकी बहन गजाला बेगम रसूलपुर की रहने वाली है। उसने एक जीटीबी नगर करेली में कॉमर्शियल प्लाट लिया था। कुछ दिन बाद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली के इशारे पर परवेज अख्तर अंसारी, मो. सैफ, मो. फैज, शमीम मौलाना, महफूज मंसूरी से प्लाट बेचने का दबाव बनाने लगे। जब बहन महफूज मंसूरी ने प्लाट बेचने से माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के कहने पर किया गया। अली अहमद के साथियों ने जान की धमकी और बत्तमीजी करी दानिश की बहन और उनके परिवार के साथ। इसमें एक सैफ नाम का भी आरोपी है, जिस पर धूमनगंज थाने में कई मामले दर्ज हैं। और साथ ही दानिश ने ये भी कहा के अली के साथी दानिश ने बताया के इस जमीन पर अली अपना दफ्तर बनाना चाहता है, इस जमीन को हड़पने में गुंडागर्दी कर 50 लाख की रंगदारी मांगी और जमीन कब्जाई। करेली श्वेताभ पांडेय ने बताया कि अली अहमद समेत कुल 6 लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

# खून चढ़वाने वाले मरीजों से 200 रुपया वसूल रहे ब्लड बैंककर्मी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी।** के युवा ब्लड डोनेट कर अनजान से बना रहे खून का रिश्ता , ब्लड बैंककर्मी कर रहे आर्थिक शोषण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित ब्लड बैंक में मरीजों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ब्लड चढ़वाने वाले मरीजों से 200 की वसूली बीटी (ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेट) सेट के नाम पर की जा रही है। हालांकि विभाग द्वारा खून चढ़ाने वाली इस पाइप को निःशुल्क मुहैय्या कराए जाने का प्राविधान है। जनपद में स्थापित दो ब्लड बैंको में जिला मुख्यालय पर बीटी सेट निःशुल्क मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है जबकि दुद्धी ब्लड बैंक में इसके नाम पर संविदाकर्मी द्वारा अवैध पैसा वसूल जा रहा है। मरीजों में सलमा बानो, मोनू, सेराज खान आदि ने बताया कि ब्लड बैंककर्मी ने 200 मांगा तो हम लोगों ने समझे कि सरकारी फीस होगी। मगर कोई रसीद नहीं दी गई। दुद्धी नगर में युवाओं की एक टीम ने, जो मुफ्त में रक्तदान कर दूसरे की जिंदगी बचाने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। सेवा का जुनून लिए दुद्धी के युवाओं ने ब्लड डोनेट करने के लिए बाकायदा दुद्धी ब्लड डोनेट एक्सप्रेस नामक 367 लोगों की वाट्सएप ग्रुप बना रखा है। जरूरतमंदों के लिए ये उत्साही युवा इंसान की शक?ल में फरिश?ते जैसे उतर आते हैं। नगर की निजी संस्था जो बेहद सवाब और पुण्य का काम करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है वहीं सरकारी तंत्र के लोग जिन्हें अपनी ऊपरी आमदनी के आगे मानवता और उच्चाधिकारी सभी बौने नजर आते हैं। इस बावत केंद्र अधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी ने बताया कि सीएमएसडी स्टोर से बीटी सेट की डिमांड की गई है। पहले भी ब्लड बैंक के संविदाकर्मी द्वारा अपने स्तर से बीटी सेट मरीजों को बेचने की शिकायत मिली थी जिस पर उसे नोटिस दे तत्कालीन सीएमओ को भी कापी भेजी गई थी, लेकिन सुधार नही आया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ प्रकाश चंद जायसवाल ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर मरीजों से पैसा लिया गया है तो उक्त संविदाकर्मी के विरुद्ध कठोर कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।




# दुकान लगाने के नाम पर कब्जे को लेकर बुधवार को हुआ विवाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** अहरौरा, मां भंडारी देवी शक्ति पीठ के नीचे स्थित बंजर भूमि पर दुकान लगाने के नाम पर कब्जे को लेकर बुधवार को सुबह विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान गड़ासा से हमला किया गया। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष की दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवादित दुकान को बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। पुलिस तीन अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। उधर, थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने एक दिन पूर्व मां भंडारी देवी शक्ति पीठ पर्वत शिखर के नीचे हुई मारपीट के मामले में लापरवाही बरतने तथा कार्रवाई न करने पर चौकी प्रभारी नगर व मेला प्रभारी इंद्रजीत यादव को लाइन हाजिर कर दिया है।

# पूर्व मंत्री शारदा प्रसाद का होटल ग्रीन स्टार दुद्धी में हुआ जोरदार स्वागत लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तूफानी दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी।** तहसील अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार की नीतियों को लेकर जन जन तक पहुंचाने के लिए पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश व पूर्व एमएलए भाजपा चकिया शारदा प्रसाद का आगमन होटल ग्रीन स्टारमें प्रबुद्ध जनों के बीच हुआ त् फूल मालाओं से जोरदार स्वागत के बीच शारदा प्रसाद ने कहा कि केंद्र प्रदेश सरकार मिलकर शानदार कार्य कर रही है जिसकी देन है कि गाँव गाँव भारतीय जनता पार्टी मजबूत हुई है त् दुद्धी को जिला बनाए जाने आदि मुद्दों पर बेबाक राय रखते हुए कहा कि सोन नदी के दक्षिण का हिस्सा काटकर विकास को गति देने के लिए दशकों से चली आ रही मांग दुद्धी को जिला बनाए जाने की मांग पूर्ण होनी चाहिए त् विधानसभा का भी विस्तार की बात कही, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की तर्ज पर स्थानीय लोगों को सस्ते दर पर बालू की उपलब्धता राजस्व की प्राप्ति कर ट्रैक्टरों से नदियों द्वारा बालू के उठान की छूट जनकल्याणकारी योजनाओं व स्थानीय ग्राम वासी नगर वासियों के लिए मिलें त् महुआ, लासा, चिरौंजी, हर्रे - बहरा, राजकीय पलाश का फूल आदि वन औषधीय पौधों का संरक्षण किया जाए त् पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ों का कटान पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए ।

# चेकिंग के दौरान 1862.200 लींटर अंग्रेजी शराब वाहन से पकड़े गए फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी सोनभद्र।** दुद्धी सोनभद्र कोतवाली अंतर्गत दिनांक 12 मार्च 2023 को चेकिंग के दौरान वाहन संख्या ए3- 15" 2503 नंबर वाहन से 182.200 लींटर अंग्रेजी शराब बारामद किया गया था त् जिस पर स्थानीय कोतवाली दुद्धी ने मुकदमा अपराध संख्या 32/23 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत कोतवाली दुद्धी पुलिस द्वारा किया गया था त् जिसकी विवेचना के दौरान दिनांक 9 मई 2023 द्वारा अभियुक्त राजवाड़े पुत्र स्वर्गीय राम लाल निवासी ग्राम बिसाही नवापारा थाना भटगांव जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ व सागर साह पुत्र रूपनारायण राजवाड़े निवासी केवरा थाना प्रतापपुर जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ का नाम प्रकाश में जांच कें दौरान आया था त् तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सोनभद्र के निर्देश के क्रम में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्वेक्षण में कोतवाली थाना अध्यक्ष नागेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक तेज बहादुर राय, कांस्टेबल अंकुर तिवारी कें साथ थाना कोतवाली दुद्धी सोनभद्र पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 32/23 धारा 62/ 63/ 72 आबकारी अधिनियम से संबंधित विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त सागर शाह पुत्र रूपनारायण राजवाड़े निवासी केवरा थाना प्रतापपुर छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से दिनांक 11 जुलाई 2023 समय 4:30 बजे थाना प्रतापपुर पुलिस के सहयोग से उपरोक्त अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार कर आज दिनांक 12 जुलाई 2023 को अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया ।



# नवागत एसडीएम सुरेश कुमार राय ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर पहुँचकर पदभार ग्रहण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी।** नवागत एसडीएम सुरेश कुमार राय ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। मऊ जिले के रहने वाले एसडीएम सुरेश राय सोनभद्र आने से पूर्व गोरखपुर जनपद में बतौर एसडीएम अपनी सेवाएं दे रहे थे ,उन्होंने सदर तहसील सहित खजनी तथा सहजनवा तहसील में बतौर एसडीएम अपनी सेवाएं दी।सहजनवा में 3 वर्षों तक लंबी तैनाती मिली उसके बाद वहां से तबादला हो यहाँ सोनभद्र आये जहां दुद्धी तहसील में जिले की पहली पोस्टिंग मिली है। शांत व सौम्य स्वभाव के एसडीएम ने मीडिया से वार्ता में कहा कि जनता की फरियाद सुनना और उसका गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना ही उनकी प्राथमिकता है। जनता बेझिझक अपनी समस्यायों को लेकर उनके चैम्बर में मुलाकात कर अपनी फरियाद लगा सकते है।एसडीएम ने कहा कि यहां भूमि विवाद की समस्याएं ज्यादा प्रतीत होती है जिसका निस्तारण योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा। बता दे कि इन्होंने 16 वर्षों तक बतौर नायब तहसीलदार व तहसीलदार विभिन्न तहसीलों में सेवाएं दी है इस कारण ये अपने कार्यक्षेत्र में काफी अनुभवी भी माने जाते है।



# शादीशुदा व्यक्ति द्वारा धोखा देकर प्रेम जाल में फांसने को लेकर मुंसिफ कोर्ट परिसर में हंगामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी सोनभद्र** ।सोनभद्र जनपद कें दुद्धी तहसील अंतर्गत मुंसिफ कोर्ट परिसर में शादीशुदा युवक द्वारा प्रेम जाल में फांसकर शोषण को लेकर युवती अपने मां बाप के साथ पहुंचकर प्रेमी की कलाई मजबूती से पकड़ कर हंगामा करने लगी त् सूत्रों की माने तो युवक पूर्व से शादीशुदा है और प्रेमीका के उम्र की उसकी लड़की बताई जा रही है त् कोर्ट में हंगामा देख अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव किया त् दोनों अनुसूचित जाति व जनजाति कें बताए जा रहे हैं त् ज्ञात कराना है की आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लव जेहाद, मानसिक, शारीरिक शोषण युवतियों का किया जाना जैसे आम बात हो गई है त् अपराध को कम करने के लिए ग्रामीण अंचल में टेलीफिल्म एवं एनजीओ के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों को लेकर जन जागरूकता, भड़काऊ आपत्तिजनक वेशभूषा परिधान पहनावे पर अभिभावकों द्वारा रोक आदि द्वारा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को कम कुछ कम किया जा सकता है ।



# अवैध बालू का भंडारण कई स्थानों पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता दुबे का निर्देश बेअसर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी सोनभद्र** । मिलीभगत से लाखों रूपये के राजस्व की क्षति --तहसील के बघाडू रेंज अंतर्गत ठेमा नदी के आसपास दिघूल गांव आदि में अवैध बालू का भंडारण खनन माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जगह-जगह कर सरकार के राजस्व की लाखों की क्षति खुलेआम पहुंचाई जा रही है, एक और जहां आम आदमी को बालू मयस्सर नहीं है वहीं विभाग की मिलीभगत से खनन माफियाओं द्वारा बालू का भंडारण कर ट्रैक्टरों से ऊंचे दामों में खुलेआम बेची जा रही है त् और ग्राम वासियों एवं नगर वासियों का आर्थिक शोषण भारी पैमाने पर किया जा रहा है त् बेहतर होता छत्तीसगढ़ सरकार की तर्ज पर आम आदमी के लिए ट्रैक्टरों से राजस्व की प्राप्ति सरकार कर बालू की सस्ते दर पर उपलब्धता कराकर आम आदमी का दिल जीत पाती त् परंतु सरकार की गलत नीतियों के कारण आम आदमी के पहुंच से बालू मिलो दूर हो गया है त् और खनन माफिया अवैध भंडारण कर जहां मालामाल हो रहे हैं वहीं प्रदेश सरकार की छवि खुलेआम धूमिल हो रही है त् सफेदपोश दलालों के सह पर चल रहा शोषणकारी का खुलेआम खेल जबकि गत दिनों पूर्व हाथीनाला बायोडायवर्सिटी पार्क में पहुंची प्रधान मुख्य वन संरक्षक नें अवैध भंडारण, खनन, जंगलों का अवैध कटान आदि को लेकर सख्त निर्देश वन विभाग को दिया था त् परंतु बालू भंडारण एवं वनों का अवैध कटान तस्करों कें मसूबे विभाग की मिलीभगत से सफल हों रहें हैं, जिसे रोकना होगा ।



# पंचमुखी महादेव मंदिर पर नाबालिग दो प्रेमी द्वारा रचाई जा रही थी शादी - रोमी पाठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रावटसगंज सोनभद्र।** साय विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की थाना रावर्टसगंज अन्तर्गत पंचमुखी महादेव मंदिर मे दो नाबालिग प्रेमियों द्वारा विवाह किया जा रहा है जिनका उम्र लगभग 17 वर्ष है जिसके सम्बन्ध में तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के निर्देश के पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय,ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे व वन स्टाप सेन्टर से सामाजिक कार्यकर्ता तनु सिंह,आरती पाठक की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके बाद टीम द्वारा तत्काल पंचमुखी महादेव मंदिर पहुँच कर बालिका के उम्र के सम्बन्ध में साक्ष्य चाहा गया था जहा पर पता चला कि बालक व बालिका अपने माता पिता के वैगर सूचना के ही शादी रचाने चले आये हैं प्रथम दृष्टया बालिका व बालक दोनो नाबालिग प्रतीत हो रहे थे जिसके बाद टीम द्वारा तत्काल बालिका को अपने अभिरक्षा में लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालक/ बालिका को बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया बाल कल्याण समिति के आदेश के क्रम में टीम द्वारा बालिका को बाल गृह बालिका इन्द्रपुरी कालोनी रावर्टसगंज मे व बालक को बाल गृह बालक उरमौरा रावर्टसगंज मे आवासित करवा दिया गया है। ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी,बाल भिक्षावृत्ति के रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं मौकेपर थाना रावर्टसगंज व जिला बाल संरक्षण इकाई से आकांक्षा उपाध्याय ,ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, ग्राम स्वराज समिति के सदस्य अश्विनी सिंह, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, नागेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।




# सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों पर लगा श्रद्धालुओं का भीड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** सावन माह के प्रथम सोमवार पर नगर के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भोर से ही भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विधि विधान से पूजन कर जलाभिषेक होना प्रारम्भ कर दिया जिसके बाद हर हर महादेव के नारा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया वहीं अचलेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के द्वारा रूद्राभिषेक कार्यक्रम के साथ भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई थी जिससे कि भक्तों किसी भी तरह का कोई असुविधा न हो वहीं श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर के महंत मुरली तिवारी ने भागवत शंकर को प्रसन्न करने व पूजन का महत्व भी बताया और नगर के शुख शांति के लिए भगवान शिव शंकर से प्रार्थना करते कहा कि सावन के प्रथम सोमवार को भक्तों की संख्या में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है जहां महिला पुरुष बच्चों ने शिव पूजन कर अपने मनोकामना हेतु प्रार्थना की वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत डाला चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह ने समस्त स्टाफ एवं पीएससी बल के साथ चुस्त दुरुस्त नजर आए। डाला नगर में स्थित श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर, शक्ति पीठ धाम मां वैष्णो देवी एवं शिव-पार्वती अमर नाथ गुफा का कपाट सुबह लगभग पांच बजे से भक्तों के लिए कपाट खोल दिया गया जहां भक्तों की धीरे धीरे भिड़ होने लगी भक्तों ने भागवत शंकर की विधि विधान से पूजन कर जलाभिषेक किया वहीं श्री




# दिशिता महिला मंडल द्वारा बच्चे पोशाक पाकर हुए अत्यन्त आह्लादित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा ( सोनभद्र)।** दिशिता महिला मंडल रेणुसागर अपने उद्देश्य सेवा, शिक्षा, विकास को क्रियान्वित करने में सदैव प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में आज दिशिता महिला मण्डल द्वारा प्राइमरी प्राथमिक पाठशाला स्कूल, रेनूसागर में कक्षा-2 के कुल 112 बच्चों को सदनानुसार गणवेश क्रमश लड़को के लिए टी शर्ट, पैंट व मोजे व लड़कियों के लिए टी शर्ट, स्कर्ट व मोजे का वितरण किया गया। बच्चे पोशाक पाकर अत्यन्त आह्लादित होते हुए फूले नही समा रहे थे दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदू सिंह व अन्य सदस्यों ने प्राइमरी स्कूल रेनूसागर पहॅुच कर यूनीफार्म वितरित किये तथा अपने उद्बोधन में दिशिता प्रमुख इंदू सिंह ने समाज के हर बच्चे को शिक्षित करने की जरूरत पर बल दिया तथा शिक्षा को न सिर्फ देश के विकास, बल्कि लोगो के आर्थिक विकास हेतु भी जरूरी बताया शिक्षा से लोगों का सर्वांगीण विकास होगा और समाज में ब्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने में मदद भी मिलेगी। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि दिशिता महिला मण्डल का यह प्रयास रहा है कि अधिक से अधिक जरुरत मंद तक मदद पहुंचे और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं आयोजित होती रहेगी ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डा0 पूनम वार्ष्णेय द्वारा दिशिता महिला की अध्यक्षा एवं उनकी टीम का स्वागत कर उनके इस सह्रदयता पूर्ण कार्य हेतु उनका आभार व्यक्त किया । तथा कहा कि दिशिता महिला मंडल हमेशा सामाजिक कार्यो में सदैव अग्रणी रहा है समय समय पर जरुरत मन्दो कि मदद करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिशिता महिला मंडल कि बरिष्ठ सदस्याएं व विद्यालय की अध्यापिका सीमा श्रीवास्तव , अनुपम पाण्डेय , संगीता जोशी एवं सुरूचि सिंह आदि उपस्थित रही , कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका गायत्री भारद्वाज ने किया।




# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय थाना चोपन क्षेत्र के परास पानी पेट्रोल टंकी के पास आज रविवार रात्रि में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार रविवार की बीती रात को अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को धक्का मार दिया जिसकी मौके पर मौत हो गई जिसको सुबह तक सड़क पर पड़ा हुआ था शव देखकर आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चोपन पुलिस को दी गई जहां सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह ने शव को कब्जे मे लेते हुए अग्रीम कार्यवाही व शव के शिनाख्त में जुट गए।



## रोहित के हाथों से हुआ यशस्वी के करियर का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 12 जुलाई से दो मैचों की डेब्यू कैप सौंपी और विराट कोहली ने ईशान किशन को डेब्यू कैप पहनाई। सोशल मीडिया पर ये पूरा हो गया है वहीं, ईशान किशन को कैप पहनाते हुए किंग कोहली मुस्कुराते हुए नजर आए और उन्होंने



टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। ये टेस्ट मैच डोमिनिका के रोलेउ में खेला जा रहा है। मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लोजी करने का फैसला किया। इस सीरीज के पहले टेस्ट में दो भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ईशान किशन ने टेस्ट में डेब्यू किया है कप्तान रोहित शर्मा ने मैच से पहले यशस्वी जायसवाल को खूबसूरत तस्वीरें तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हो रही है जिसमें देखा जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा यशस्वी जायसवाल को डेब्यू कैप पहनाते हुए नजर आ रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ यशस्वी जायसवाल के डेब्यू का कप्तान रोहित ने मैच से पहले ही संकेत दे दिए थे। ऐसे में यशस्वी जायसवाल का आज सपना इस दौरान ईशान को गले लगाकर बधाई दी। बता दें कि ईशान किशन विराट कोहली को अपना आइडल मानते हैं। ऐसे में टेस्ट करियर की शुरुआत विराट के हाथों से होने के बाद ईशान भावुक दिखे। जाहिर सी बात है कि जिसे आप अपना आइडल मानते हैं उसके हाथों टेस्ट डेब्यू कैप मिले उससे बड़ा खुशी का दिन किसी के लिए भी कैसे हो सकता है।

## रविचंद्रन अश्विन ने अपने नाम किया ये महारिकॉर्ड, 3 विकेट लेते ही कुंबले-भज्जी के खास क्लब में मारी एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारतीय टीम के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (ॅप्रह) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से कहर बरपाते हुए इतिहास रच दिया। अश्विन इंटरनेशनल क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। पहले दिन के खेल में तीन विकेट लेते ही अश्विन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम किया। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 700 विकेट हासिल करते हुए महान क्रिकेटर अनिल कुंबले और हरभजन सिंह के खास क्लब में एंट्री कर ली है। दरअसल, वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका में खेले जा रहे पहले टेस्ट में अश्विन (ॅप्रह) ने पहले तेगनारायण चंद्रपॉल को अपने जाल में फंसाया। इस दौरान चंद्रपॉल 12 रन ही बना सके। उन्हें आउट कर अश्विन ने इतिहास रचा और वह पिता-बेटे की जोड़ी को टेस्ट में आउट करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने। इसके बाद अश्विन ने कप्तान क्रेग बेथवेट को आउट किया। अल्जारी जोसेफ को उनका अपना तीसरा शिकार बनाया। इस विकेट के साथ ही उन्होंने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट में 700 विकेट पूरे कर लिए। बता दें कि इंटरनेशनल क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए अश्विन 4 हजार रन बना चुके हैं और ऐसा करने वाले वह भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में अगर बात करें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज की तो पहले नंबर पर महान क्रिकेटर अनिल कुंबले का नाम शामिल है, जिन्होंने कुल 956 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर हरभजन सिंह के नाम है, जिन्होंने 711 विकेट लिए हैं। तीसरे नंबर पर अब अश्विन का नाम जुड़ गया है, जिन्होंने 701 विकेट ले लिए हैं।



## मेरी पत्नी को लगा कि मजाक है, कुंबले ने टूटे जबड़े के साथ गेंदबाजी का किस्सा किया शेयर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कुंबले ने 2002 की अपनी कैरेबियाई सीरीज को याद करते हुए जिओ सिनेमा की। 2002 में एंटीगुआ टेस्ट के दौरान टीम को करने जा रहा हूं और फोन काट दिया, लेकिन उसने सोचा कि शायद मैं सिर्फ मजाक कर रहा हूं।ठ ठमुझे नहीं लगता कि उसने इसे गंभीरता से लिया है। वह क्या कह रहा है कुछ विकेट लेने होंगे। अगर हम वेस्टइंडीज के तीन या चार विकेट ले सकते हैं, तो हमारे पास मैच जीतने का मौका है। ऐसे में मैंने एंड्रयू लीपस ( फिजिओथेरेपिस्ट)



परेशानी में देखकर जब उन्होंने चेहरे पर पट्टी बांधकर टूटे हुए जबड़े से ब्रायन लारा जैसे खिलाड़ी को गेंदबाजी करने का फैसला किया तो उनकी पत्नी चेतना को लगा कि वह मजाक कर रहे हैं। कुंबले ने कहा कि मैंने अपनी पत्नी चेतना को फोन किया और बताया। मैंने कहा देखो मुझे घर आना होगा, क्योंकि मुझे बस सर्जरी की जरूरत है। इसलिए उसने (पत्नी चेतना) बेंगलुरु में सब चीजों की व्यवस्था की। मैंने कहा कि अभी मैं गेंदबाजी भारत के पूर्व कप्तान ने कहा कि टूटे जबड़े के बाद भी उन्हें लगा कि टीम के लिए कुछ विकेट हासिल करना उनकी जिम्मेदारी है। कुंबले ने आगे कहा कि मैं ड्रेसिंग रूम में वापस गया, तो मैंने सचिन को गेंदबाजी करते हुए देखा क्योंकि वह टीम में एकमात्र व्यक्ति थे, जो गेंदबाजी कर सकते थे। मुझे लगता है कि वेवेल हिंड्स खेल रहे थे, मुझे याद नहीं है कि कोई और बल्लेबाजी कर रहा था। इस दौरान मुझे लगा कि मुझे जाना होगा और से कहा मुझे वहां से निकालो और कुंबले अगले दिन सर्जरी के लिए बेंगलुरु आने वाले थे। ऐसे में उन्होंने सोचा कि ठकम से कम अब मैं इस सोच के साथ घर जा सकता हूं कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।ठ 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुंबले को मर्विन डिलन की शॉर्ट गेंद लगी और मैदान पर खून-खून हो गया, जिसके बाद उन्होंने सीरीज के चौथे टेस्ट में अगले 20 मिनट तक बल्लेबाजी की।

## सबालेंका का शानदार प्रदर्शन बरकरार, कीज को हराकर सेमीफाइनल में मारी एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बेलारूसी खिलाड़ी अरीना सबालेंका लगातार दूसरी बार विंबलडन के सेमीफाइनल में



पहुंचीं। बीच में एक वर्ष 2022 में वह प्रतिबंध के कारण टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकी थीं। आल इंग्लैंड क्लब में दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की सबालेंका को यूक्रेन में युद्ध के कारण अपने देश और रूस के अन्य खिलाड़ियों के साथ पिछले वर्ष की प्रतियोगिता से बाहर बैठना पड़ा था। बुधवार को वह नंबर-एक कोर्ट पर मैडिसन कीज को 6-2, 6-4 से हराकर आगे बढ़ीं। 2021 में उपविजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा से हारने वाली सबालेंका ने कहा, ''सेमीफाइनल में वापस आना वास्तव में अद्भुत है। मैं विंवबलडन में अपने दूसरे सेमीफाइनल में खेलने के लिए प्रतीक्षा नहीं कर सकती। आशा है कि मैं पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करूंगी।इस जीत से इस वर्ष ग्रैंडस्लैम में सबालेंका का रिकार्ड 17-1 हो गया। □वबलडन में ग्रास पर अब तक अपनी पांच जीत से पहले उन्होंने आस्ट्रेलियन ओपन जीता और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं। सबालेंका ने ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल मैचों में अपने रिकार्ड को 6-0 से सुधारा, और उन्होंने बुधवार को कीज के प्रति दर्शकों के अधिक समर्थन के बावजूद ऐसा किया।

## कोई भारतीय नहीं कर सका जो काम वो अश्विन कर दिखाया, वेस्टइंडीज की धरती पर रच दिया इतिहास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईसीसी के नंबर-1 गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट विकेट लेते ही अश्विन ने खास मुकाम अपने नाम किया। आइए जानते हैं इस रिकॉर्ड के बारे में। दरअसल, आर अश्विन ने डोमिनिका टेस्ट में बाद आर अश्विन ने छ्व- ैंघ् के पहले टेस्ट में उनके बेटे तेगनारायण चंद्रपॉल को आउट कर ये खास मुकाम अपने नाम किया। बता दें



मैच में ही इतिहास रच दिया है। डोमिनिका में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन ने वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी को पवेलियन का रास्ता दिखाया। कैरेबियाई टीम ने 38 रन के स्कोर में ही अपने शुरुआती दोनों विकेट गंवाए। वेस्टइंडीज टीम के सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपॉल का तेगनारायण चंद्रपॉल का विकेट लेते ही वेस्टइंडीज की धरती पर इतिहास रच दिया। वह टेस्ट में ऐसा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए है, जिन्होंने पिता-बेटे की जोड़ा को आउट किया है। बता दें कि वेस्टइंडीज के दिग्गज शिवनारयण को साल 2011 में नई दिल्ली में ै आउट किया था। वहीं, पूरे 12 साल कि आर अश्विन अगर 1 विकेट और हासिल कर लेते हैं, तो उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 700 विकेट भी पूरे हो जाएंगे। ऐसे में अश्विन के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 700 विकेट और 4 हजार रन बनाने का दोहरा कारनामा करने वाले पहले भारतीय बनने का भी सुनहेरा मौका है।

## दिलीप ट्रॉफी के फाइनल में पृथ्वी शॉ ने जड़ा अर्धशतक, आई पी एल में दिखा किया था संघर्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दो साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने दिलीप ट्रॉफी



में दमदार प्रदर्शन किया है। नॉर्थ जोन की तरफ से खेलते हुए साउथ जोन के खिलाफ दिलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच में अर्धशतक जड़ दिया है बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दिलीप ट्रॉफी का फाइनल मैच खेला जा रहा है। फाइनल मैच में साउथ जोन का सामना नॉर्थ जोन से हो रहा है। मैच के दूसरे दिन पूर्व अंडर-19 भारतीय टीम के कप्तान पृथ्वी शॉ का बल्ला दिलीप ट्रॉफी में चल पड़ा। नॉर्थ जोन के लिए खेलते हुए सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने अर्धशतक जड़ा। पृथ्वी शॉ ने नॉर्थ जोन की पहली पारी के 25 ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पृथ्वी शॉ का बल्ला आईपीएल 2023 में खाशोश रहा था। वहीं, नॉर्थ जोन के लिए खेलते हुए उनका बल्ला सेमीफाइनल के दौरान भी नहीं चला था। वह दोनों पारियों में 26 और 25 रन ही बना सके थे, लेकिन फाइनल मैच में उन्होंने अपना फॉर्म वापस पा लिया पृथ्वी शॉ ने नॉर्थ जोन की पहली पारी के 25 ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## गनेमत सेखों ने एक बार फिर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी, फाइनल में पहुंचने से चूकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत की गनेमत सेखों ने आईएसएसएफ विश्व कप में महिला स्कीट स्पर्धा के एक दौर में 25 परफेक्ट निशाने लगाए, लेकिन यह उन्हें बुधवार को यहां फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था। 'ट्रैप कानकावार्डे निशानेबाजी परिसर' में भारत की शीर्ष खिलाड़ी के लिए क्वालीफाइंग के दो दौर में 23-23 अंक जुटाना महंगा साबित हुआ। वह फाइनल में जगह बनाने के मामले में अमेरिका की डेनिया जो विज्जी से एक अंक से पिछड़ गईं। विज्जी ने 121 अंक के साथ छठा और आखिरी क्वालीफाइंग स्थान पक्का किया। विज्जी फाइनल



में स्वर्ण पदक विजेता बन कर उभरीं। उन्होंने हमवतन सामंथा सितोंटन को 60 निशाने के फाइनल में 54-50 से पराजित किया। चीन की जियांग यितिंग ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में भारत की महेश्वरी चौहान और दर्शना राठौड़ क्रमशः 114 और 104 का स्कोर बनाकर 32वें और 58वें स्थान पर रहे। पुरुषों की स्कीट में अनंतजीत सिंह नरूका सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे, जिन्होंने 158 खिलाड़ियों के मुकाबले में क्वालीफाइंग में 119 अंक बनाए और 48वें स्थान पर रहे। भारत के गुरजोत खांगुरा और मेराज अहमद खान 116 और 112 का स्कोर बनाकर क्रमशः 69वें और 96वें स्थान पर रहे।



# राशिफल



**मेष-:**आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

**वृष-:**आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**मिथुन-:**ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**कर्क-:**इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

**सिंह-:**थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

**कन्या-:** व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

**तुला-:** घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।

**वृश्चिक-:**आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

**धनु-:**किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

**मकर-:**आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**कुंभ-:**आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन-:**आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।






## जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी ने जीता स्वर्ण, मीराबाई चानू को चाहती हैं पछाड़ना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ग्रेटर नोएडा।** मीराबाई चानू कई खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, लेकिन ज्ञानेश्वरी देवी के लिए वह (78 किग्रा और 98 किग्रा) के कुल प्रयास के साथ 49 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। ज्ञानेश्वरी प्रतिस्पर्धा में मीराबाई चानू को हराने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, लेकिन वह एशियाई खेलों में भाग लेने से चूक गईं, जहां मीराबाई 49 किग्रा भार वर्ग में भारत




प्रतिस्पर्धी भी हैं और यह प्रतिभाशाली भारोत्तोलक टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता की तरह सफलता हासिल करने का ही नहीं बल्कि प्रतिस्पर्धा में उन्हें पीछे छोड़ने का भी सपना देखती हैं। छत्तीसगढ़ के भोंडिया गांव की रहने वाली ज्ञानेश्वरी ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 178 किग्रा का सपना देखती हैं। मीराबाई से पहली बार मुलाकात को बयां करने के लिए ज्ञानेश्वरी के पास शब्द नहीं थे। ज्ञानेश्वरी भी मीराबाई की तरह 49 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती हैं। पिछले वर्ष रैंकिंग सीरीज में 20 वर्ष की यह खिलाड़ी पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई के बाद दूसरे स्थान पर रही थीं। ज्ञानेश्वरी इस महीने का प्रतिनिधित्व करेंगी। ज्ञानेश्वरी ने कहा कि इस बार एशियाई खेलों में मीरा दीदी वहां हैं, लेकिन अगले सत्र में मैं निश्चित रूप से वहां रहूंगी।' छत्तीसगढ़ के भोंडिया गांव की रहने वाली ज्ञानेश्वरी ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 178 किग्रा (78 किग्रा और 98 किग्रा) के कुल प्रयास के साथ 49 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। ज्ञानेश्वरी ने कहा कि मीरा दीदी मेरी प्रेरणा हैं और वह प्रतिस्पर्धी भी हैं (49 किग्रा वर्ग में)। इसलिए मुझे हमेशा से यकीन है कि एक दिन मैं उन्हें पीछे छोड़ दूंगी। उन्हे प्रतिस्पर्धा करते हुए देखना काफी प्रेरणादायी है। उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में विश्व रिकार्ड बनाया है और मैं भी ऐसा ही करना चाहती हूं।' ज्ञानेश्वरी के पास अपनी आदर्श मीराबाई से पहली बार मुलाकात को बयां करने के लिए 2022 जूनियर विश्व चैंपियनशिप की सिलवर मेडल विजेता के पास शब्द नहीं थे। उन्होंने कहा कि मैं 2021 में एनआइएस पटियाला में शिविर में उनसे मिली। यह ओलंपिक के बाद की बात है। उन्हें देखकर मुझे बेहद खुशी हुई। मैं उनसे गले मिली और फिर उनसे बात की। यह अनुभवी अविश्वसनीय था। मैं इससे शब्दों में बयां नहीं कर सकती।' ज्ञानेश्वरी मीराबाई के साथ एनआइएस पटियाला में प्रशिक्षण लेती हैं। मीराबाई अभी अमेरिका के सेंट लुई 65 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा, 'अब, मैं उनसे हर दिन मिलती हूं और वह हमेशा मुझसे बहुत अच्छे से मिलती हैं। मैंने उन्हें ट्रेनिंग करते हुए, उनके पेशेवरपन और समर्पण को देखकर बहुत कुछ सीखा है। वह भारतीय भारोत्तोलन को ओलंपिक स्तर तक ले गईं और यह बहुत बड़ी बात है। मैं भी ओलंपिक में अपने देश के लिए इतिहास बनाना चाहती हूं।'

## सम्पादकीय

# ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती बनाम कर लगाने की पद्धति और सांविधानिकता की कसौटी

भारत जैसे विशाल देश में सट्टा उद्योग, जिसका कुल आकार 280 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी में 14,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है, वाकई एक बड़ी चुनौती है, जिस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसलिए इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया गया है। मंगलवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक हुई, जिसे कर व्यवस्था में मील का पत्थर कहा जा सकता है। दरअसल काफी विमर्श के बाद जीएसटी को लागू किया जा सका था। इससे पहले परिषद की 49 बैठकें हुईं, जिनमें करीब 1,500 फैसले किए गए, जो सहकारी संघवाद की भावना को प्रदर्शित करते हैं। इसमें कर आकलन के अनुपालन को सुव्यवस्थित करने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई। वित्तमंत्री ने बताया कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण राज्यों की राजधानियों में स्थापित किए जाएंगे, जहां उच्च न्यायालय की बेंच है। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण इस वित्तीय वर्ष से काम करने लगेगा। इस बैठक से पहले सरकार ने सात जुलाई को एक अधिसूचना के जरिये जीएसटीएन को पीएमएलए के दायरे में ला दिया है, जो जीएसटीएन, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों के बीच जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में स्वाभाविक रूप से इस पर सवाल उठे। आम आदमी पार्टी शासित पंजाब और दिल्ली के वित्त मंत्रियों ने आशंका जताई कि इससे 'कर आतंकवाद' को बढ़ावा मिल सकता है और करोड़ों जीएसटी धारकों को ईडी द्वारा प्रताड़ित किया जा सकता है। लेकिन केंद्रीय वित्तमंत्री ने राज्यों को बताया कि वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के दायित्वों को पूरा करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईडी मामलों को जीएसटीएन को भेज सकता है, जबकि जीएसटीएन डाटा ईडी को नहीं भेजा जाएगा। वित्तीय खुफिया ईकाई (एफआईयू) के निदेशक को जब लगेगा कि कर चोरी या मनी लॉन्ड्रिंग हुई है, तो वह अधिकारियों को जानकारी प्रदान करेंगे। जीएसटी परिषद ने चार वस्तुओं पर कर कटौती को मंजूरी प्रदान की। कैंसर एवं दुर्लभ बीमारियों के उपचार में काम आने वाली दवाओं और पूरक या विशेष चिकित्सा प्रयोजन के खाद्य के आयात को जीएसटी से मुक्त रखने का निर्णय सबसे स्वागत योग्य फैसला है। इससे दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों को राहत मिलेगी और उनके इलाज की लागत में कमी आएगी। उपग्रह प्रक्षेपण क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि इसरो, एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) द्वारा दी जाने वाली उपग्रह प्रक्षेपण सेवाओं पर जीएसटी छूट को निजी क्षेत्र के संगठनों को भी उपलब्ध करवाया जा सकता है, ताकि ऐसे निजी खिलाड़ियों को भारत में इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ऑटोमोबाइल के मामले में अतिरिक्त उपकर लगाने के लिए एमयूवी और एसयूवी की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। कुछ राज्यों के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर सेडान को एसयूवी के निर्धारित आकार पर 22 फीसदी तक उपकर की वृद्धि से छूट दी गई है। कोई भी उपयोगिता वाहन, जिसकी लंबाई चार मीटर से अधिक है, जिसकी इंजन क्षमता 1,500 सीसी से अधिक है और 170 मिमी से अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस (बिना लदाई के) है, उस पर 28 प्रतिशत जीएसटी के अलावा 22 प्रतिशत मुआवजा उपकर लगेगा। हालांकि, यह सेडान पर लागू नहीं होगा। सिनेमा हॉल में परोसे जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों पर अब 18 फीसदी के बजाय पांच फीसदी जीएसटी लगेगा, जिसका सिनेमा मालिक कंपनियों ने स्वागत किया है। सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली घोषणा ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और घुड़दौड़ के लिए पूर्ण अंकित मूल्य पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने की थी। नतीजतन बुधवार सुबह सबसे बड़ी कैसीनो संचालन कंपनी के शेयर की कीमत में भारी गिरावट आई। वित्तमंत्री ने बताया कि 'जीएसटी काउंसिल का इरादा ऑनलाइन गेमिंग उद्योग या राज्यों को नुकसान पहुंचाना नहीं है। काउंसिल ने इस पर गंभीरता से विचार करके फैसला लिया है, जो दो-तीन वर्षों से लंबित था। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने की प्रभावी तारीख जीएसटी कानून में संशोधन के बाद लागू होगी। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां लंबे समय से खुद को सट्टेबाजी और जुआ व्यवसायों से अलग माने जाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जिनकी समाज में नकारात्मक छवि है और जिन पर कठिन कर प्रावधान लागू हैं। इस फैसले से भारत में फल-फूल रहे ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को 1.6 अरब डॉलर का नुकसान होता दिख रहा है।

# वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा से माननीय परिवार में जीना उत्सव पूर्वक संभव







नोएडा  जीना उत्सव पूर्वक - वसुधैव कुटुंबकम-मानवीय परिवार संगोष्ठी का आयोजन संभावना सामाजिक कल्याणकारी समिति और ग्लोबल पीस फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान नोएडा मीडिया क्लब नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई जिसमें विद्वान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संस्कृति के मानवीय पक्ष पर परिवार से लेकर विश्व परिवार तक वसुधैव कुटुंबकम मानवीय परिवार बनने की संभावनाओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का मानवतावादी सनातन दृष्टिकोण ही एक वैश्विक परिवार के महान विचार को क्रियान्वित कर सकता है । जी 20, एनईपी 2020 और अनेक वैश्विक संगठनों में वसुधैव कुटुंबकम के विचार को प्राथमिकता से उठाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नवाब सिंह नागर जी पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि भारतीय योग पद्धति और वसुदेव कुटुंबकम का विचार को इस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो चुकी है। जिसके वैश्विक परिवार के महान विषयों की परिकल्पना को साकार करने में काफी सहायता मिली है। नागर ने कहा कि भारत के बारे में यह सत्य है कि इसकी संस्कृति बहुत पवित्र और मानवीय रही है । उन्हीं पवित्र और मानवीय शिक्षा संस्कारों के आधार पर हम विश्व शांति स्थापित कर सकते है और विश्व को एक परिवार की संकल्पना देने में सफल हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुरेंद्र पाठक सलाहकार ग्लोबल पीस फाउंडेशन इंडिया द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत और स्वागत वक्तव्य सुश्री आशा मोहिनी संभावना सामाजिक कल्याणकारी समिति किया गया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में परिवार टूट रहे हैं पूरी दुनिया में एकल अभिभावक संख्या मैं वृद्धि हो रही है भारत में अनाथ बच्चों की संख्या में भी बहुत तेजी से बड़ी है। डॉ सी के भारद्वाज जो अध्यात्म और विज्ञान में समन्वय के विशेषज्ञ सावन आध्यात्मिक सत्संग सोसायटी नई दिल्ली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भरत की विश्व संस्कृति को देश से बाहर के लोगों की द्वारा भी तेजी से शिकार किया जा रहा है जो कि एक उत्साह जनक पक्ष है। उन्होंने आध्यात्मिक योग की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए पारिवारिक जीवन में कैसे शक्ति प्राप्त की जा सकती है। आचार्य प्रेम भाटिया संस्थापक अध्यक्ष भारतीय योग संस्थान दिल्ली, बहुत ही रोचक तरीके से परिवार में कैसे एकता सकती है और परिवार संघर्ष मुक्त हो सकते हैं इस पर अपने विचार व्यक्त किए उमरा  सर्वेश मित्तल राष्ट्रीय सलाहकार राष्ट्रीय सैनिक संस्था, द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि बच्चों को बचपन में ही ऐसे पवित्र संस्कार दिए जाने चाहिए जो उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने में सहायता करें। उन्होंने कहा कि रोजगार परक शिक्षा प्रणाली को बदलकर संस्कार पर शिक्षा प्रणाली लागू करना समय की आवश्यकता है। डॉ राकेश कुमार आर्य इतिहासकार और भारत को समझो अभियान समिति के राष्ट्रीय प्रणेता ने इस अवसर पर कहा कि भारत ही वह देश है जिसने विश्व को एक परिवार की अवधारणा वेद के माध्यम से कृण्वंतो विश्वमार्यम् के माध्यम से दी। हमारे ऋषियों ने ही वसुधैव कुटुंबकम का विचार दुनिया में फैलाया। इसी विचार को लेकर यूएनओ जैसी संस्था का निर्माण हुआ, परंतु वह आधी अधूरी संस्था है। क्योंकि उसका चिंतन इतना व्यापक नहीं है जितना हमारे विषयों का चिंतन व्यापक होता था। उन्होंने कहा कि संसार को परिवार की सबसे उत्तम व्यवस्था भारत ने ही प्रदान की। इसी प्रकार सामाजिक व्यवस्था को एक परिवार के रूप में भी भारत ने ही स्पष्ट किया । अंत में वैश्विक परिवार की कल्पना कर भारत के ऋषियों ने अपने चिंतन के माध्यम से समस्त वसुधा को एक परिवार मानने का उत्तम विचार और चिंतन संसार को दिया । हमारे लिए अपेक्षित है कि हम ऋषियों के द्वारा दिखाए इस चिंतन को उस समस्त संसार के लिए प्रस्तुत करें। वरिष्ठ पत्रकार अनिल चैनल के सीईओ रहे आचार्य राम गोपाल शुक्ला ने कहा कि भारत अपने सांस्कृतिक वैभव को घूम पराकाष्ठा पर पहुंचाकर ही विश्व गुरु बना था आज हमारे लिए अपेक्षित है कि हम उसी सांस्कृतिक वैभव की पुनः स्थापना करें। इस अवसर पर अनिरुद्ध कुमार पॉलीमर एंड टैक्सटाइल साइंटिस्ट समाजसेवी ने बहुत ही व्यवहारिक उदाहरणों से बताया कि एक दूसरे के विचारों का सम्मान कर परिवार में एकता को स्थापित किया जा सकता है और अध्यात्म श्रीमती मोना मेहरा फाउंडेशन सर्च एक्सपर्ट हैप्पी होम नोएडा ने परिवार के महत्व को और परिवार को बनाने वाले लोगों को सम्मानित करने की आवश्यकता पर जोर दिया और उन्होंने कहा कि वह इसके लिए फैमिली मेकर सम्मान को स्थापित कर रही है। आलोक कुमार वरिष्ठ पत्रकार ने इस अवसर पर परिवार के टूटने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें हिजड़ों की ओर वापस जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सुप्रसिद्ध समाजसेवी सत्य प्रकाश भारत में कहा कि परिवार को बचाए रखने के लिए व्यवस्था का परिवर्तनों की आवश्यकता है जिसके लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। मास मूवमेंट अभियान के प्रमुख श्रीनिवास मैं जोर देकर यहां की व्यवस्थाओं पर पुनर्विचार करना चाहिए क्योंकि उसके दुष्परिणाम बहुत ही गंभीर रूप से सामने आ रहे हैं। सुरेंद्र पाठक ने बताया कि उनका यह संगठन भारत के परिवार को विश्व परिवार में परिवर्तित करने के लिए कार्य कर रहा है। भारत की परिवार संस्कृति विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त करें और जिस प्रकार के मानवीय और पवित्र संस्कार और संबंध प्राचीन भारत में हुआ करते थे उन्हें हम फिर से स्थापित करने में सफल हो सके। उन्होंने कहा कि वह अब तक ऐसे 100 से अधिक कार्यक्रम आने वाले समय में आयोजित किए जाएंगे. उन्होंने आवाहन करते हुए यह भी कहा कि जिस प्रकार से सिंगल पेरेंट्स सोसाइटी और परिवार टूटने का क्रम इसके साथ में पारिवारिक लड़ाई झगड़े पढ़ रहे हैं उससे निपटने के लिए समाजसेवी संस्थाओं को आगे आकर इस मुद्दे पर समाज में संवाद को स्थापित करना चाहिए।




# लायंस क्लब नोएडा द्वारा अभय कान्वेंट स्कूल निठारी के वंचित अधिकार वाले बच्चों के बीच एक प्रोजेक्ट किया गया

नोएडा लायंस क्लब नोएडा के सामाजिक सेवा कार्य समिति की चेयरपर्सनङ लायन अरुणा बंसल ने बच्चों को संबोधित किया और बड़े ही सुंदर शब्द में बताया कि शिक्षा के जीवन में अहम भूमिका होती है और उस के माध्यम से ही देश के में सफल नागरिक बन सकते हैं और परिवार समाज और देश की उन्नति में अपना पूर्ण सहयोग दे सकते हैं। उन्हें जीवन के नैतिक मूल्यों और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया । बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए हमारे सभी माननीय साथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और उन्हें उन्नति का मार्ग दर्शाया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया ,जो शिक्षकों और बच्चों के मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है। क्लब के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को ङस्टेशनरी फल आदि बांटा गया। विद्यालय के प्रिंसिपल श्री देवेंद्र जी ने स्कूल और विद्यार्थियों की आर्थिक कठिनाई और आर्थिक कमजोर दशा का वर्णन किया। हमारे लायंस क्लब नोएडा के कई सदस्यों ने उन्हें प्रोत्साहित किया और कई ऐसे वंचित अधिकार वाले बच्चों को अडॉप्ट किया और उनकी शिक्षा का वार्षिक शुल्क देने का निर्णय लिया, कुछ ऐसे माननीय लायन सदस्यों के नाम है। लॉयन पूनम गुप्ता ,लायन प्रभा ग़ुप्ता लायन अन्नू गुप्ता, साइना बंसल हमारी जोन चेयर पर्सन लायन रचना यादव ने स्कूल के छात्र छात्राओं को निशुल्क इंग्लिश ग्रामर पढ़ाने की सेवा का आश्वासन दिया। लायन नरेंद्र कुच्छल ने बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में ,आंखों की देखभाल के बारे में बताया। हमारे सदस्य प्रेसिडेंट लायन पूनम गुप्ता, सचिव लायन अरूणा बंसल, कोषाध्यक्ष लायन अन्नू गुप्ता, लायन उमेश कुमार , लायन बिपिन बंसल, लायन पी. के. गुप्ता, लायन प्रभा गुप्ता,जोन चेयर पर्सन रचना यादव, लायन लीना चौहान ,लायन अनुराग गोयल,लायन अनीता गोयल, लायन नरेंद्र कुच्छल , अनुज बंसल , शायना बंसल ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



# स्वास्थ्य विभाग लगातार कर रहा श्रमिकों की टीबी स्क्रीनिंग : डीटीओ

नोएडा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग तमाम प्रयास कर रहा है। इसके लिए लगातार टीबी रोगी खोज (एक्टिव फाइंडिंग केस) अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग लगातार जनपद के श्रमिकों पर फोकस कर रहा है। श्रमिक टीबी की चपेट में नहीं आयें और उन्हें इस बीमारी के बारे में पूरी जानकारी हो, इसके लिए विभाग जनपद के हर लेबर चौक पर टीबी जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन करता है। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. शिरीष जैन ने दी। डा. जैन ने बताया- राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से, भारत सरकार टीबी के प्रसार को कम करने और टीबी संक्रमित व्यक्तियों के उपचार को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया- जागरूकता की कई गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिससे टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को इस बीमारी के लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी मिल सके। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग जनपद में श्रमिकों को टीबी के प्रति जागरूक करने का लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया- इसके लिए जनपद के हर लेबर चौक पर हर महीने टीबी स्क्रीनिंग, जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। नोएडा में खोड़ा, सूरजपुर, नगला भंगेल, बरौला और हरौला पांच प्रमुख लेबर चौक हैं। यहां पर विभाग हर महीने शिविर लगाकर श्रमिकों की एचआईवी और टीबी की स्क्रीनिंग करता है। स्क्रीनिंग के दौरान यदि किसी में एचआईवी की पुष्टि होती है तो उसे एआरटी सेंटर रेफर कर दिया जाता है। यदि टीबी के लक्षण नजर आते हैं तो उसे अग्रिम जांच के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जाता है। टीबी की पुष्टि होने पर उसका तुरंत उपचार शुरू कर दिया जाता है। पीपीएम कोऑर्डिनेटर पवन भाटी ने बताया- इस वर्ष जनवरी से लेकर अब (जून) तक लेबर चौकों पर 40-45 जांच शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं, एक तो सभी मजदूरों को टीबी के प्रति जागरूक कर उन्हें टीबी के लक्षण और बचाव की जानकारी मिल जाती है। दूसरे जो श्रमिक इस बात से अनजान होते हैं कि उन्हें टीबी है, उनकी बीमारी की पहचान हो जाती है। टीबी की पहचान होते ही उनका उपचार शुरू कर दिया जाता है। उन्होंने बताया पिछले छह माह में आयोजित शिविरों में जनपद में दो एचआईवी और तीन मरीज टीबी के मिल चुके हैं। इनका तत्काल प्रभाव से उपचार शुरू कर दिया गया है। टीबी के लक्षण- दो सप्ताह से अधिक लगातार खांसी, वजन गिरना, भूख कम लगना, रात में सोते समय पसीना आना, बलगम में खून आना आदि टीबी के लक्षण हैं। यदि इस तरह के लक्षण नजर आते हैं तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर टीबी की जांच कराएं। श्रमिकों में टीबी संक्रमण के मुख्य कारक डॉ. शिरीष जैन का कहना है कि टीबी के कीटाणु हर व्यक्ति के शरीर में मौजूद होते हैं, लेकिन जब रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है तो संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा- आमतौर पर श्रमिकों के काम करने और रहने का स्थान सघन और भीड़भाड़ वाला होता है, जहां टीबी संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा बाजारों, निर्माण साइट, औद्योगिक क्षेत्रों, खदानों, और अन्य ऐसे स्थानों पर काम करने वाले श्रमिकों को बड़ी संख्या में लोगों के साथ संपर्क में आना पड़ता है, जिससे टीबी के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। गरीबी, पोषाहार, खाद्य सुरक्षा, उच्च प्रदूषण स्तर और अन्य सामाजिक-आर्थिक कारण भी टीबी संक्रमण का जोखिम बढ़ा देते हैं, क्योंकि पौष्टिक आहार की कमी से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो जाती है और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमी के प्यार में अंधी महिला ने अपने ही मासूम बच्चे का घोंट दिया गला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** प्रेमी के अवैध संबंधों में अंधी हुई एक मां इस कदर बेरहम निकली कि उसने अपने प्रेमी व देवर के साथ मिलकर अपने ही मासूम बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। बच्चे का कसूर इतना था कि उसने अपनी मां को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। थाना बादलपुर पुलिस ने जानसमाना गांव से लापता बच्चे का शव संभल में मिलने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी कलियुगी मां सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सेंट्रल जोन के डीसीपी अनिल कुमार ने बताया कि मूल रूप से संभल निवासी कल्याण अपने परिवार के साथ जोन समाना गांव में किराये पर रह रहा था। वह गांव में खेत किराये पर लेकर उसमें सब्जियां उगाकर उन्हें बेचने का काम करता था। गत 2 जुलाई को उसका 8 वर्षीय बेटा अंकित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। कई दिन तक खोजबीन करने के बाद जब उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो कल्याण ने 5 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उसके अपहरण का मुकदमा थाना बादलपुर में दर्ज कराया। गत दिनों लापता अंकित का शव संभल जिले में सड़क किनारे पड़ा मिला था। पुलिस पूछताछ में टूट गई मां डीसीपी ने बताया कि थाना बादलपुर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे जिनके आधार पर अंकित की मां भूरी से कड़ाई से पूछताछ की गई। भूरी ने बताया कि अंकित उससे मिलने के लिए संभल पहुंच गया था। संभल में अंकित ने उसे उसके प्रेमी ओमपाल के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उसे व ओमपाल को डर था कि अंकित कहीं कल्याण के सामने ना उनका भंडा न फोड़ दे, इसलिए उसे ठिकाने लगाने की योजना बनाई गई। योजना के तहत भूरी ने अपने प्रेमी ओमपाल, देवर मानक तथा एक अन्य रिश्तेदार अमर सिंह के साथ मिलकर अंकित की हत्या कर दी और शव को सड़क किनारे फेंक दिया। यह जानकारी मिलने पर पुलिस ने ओमपाल, मानक, अमर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने मासूम अंकित की हत्या करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

# सावन के प्रथम सोमवार को ब्रम्हचारी कुटी में हुआ रुद्राभिषेक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सावन के प्रथम सोमवार को सेक्टर 82 स्थित तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। कुटी परिसर में स्थित शिव मंदिर में पंडित मनोहर शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव जी का रुद्राभिषेक कराया। सुख शांति, समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान शिव का दुग्ध धारा से रुद्राभिषेक कराया गया। इससे पहले भगवान शिव एवं परिवार का विधिवत पूजन कराया गया। रुद्राभिषेक के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में शिव अर्चना और जल चढ़ाने के लिए दिनभर भक्त आते रहे। इस दौरान बोल बम बोल बम के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे ने कहा कि शिव परम् कल्याणकारी हैं। सावन माह में भगवान शिव की आराधना दुख, दरिद्रता एवं पापों का नाश करने वाली है वहीं धन, धान्य, सुख एवं मोक्ष को प्रदान करने वाली है। भगवान शिव की भक्ति सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह कर नकारात्मक ऊर्जा का शमन करती है। भगवान शिव सभी का कल्याण करे इस अवसर पर कुटी व्यवस्थापक विकास भारती जी, राजकुमार त्यागी,अशोक कुमार, नंद किशोर सोलंकी,अनमोल झा, आकाश , अशोक गुप्ता,महिपाल शर्मा, भरत त्यागी सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।



# दादरी में अभियान चलाकर 9 दुकानदारों से पॉलिथीन पाए जाने पर 58000 का जुर्माना किया वसूल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में पॉलिथीन जब्तीकरण अभियान के तहत जिला प्रशासन के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रंखला मे अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दादरी दीपिका शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अवर अभियंता सिविल जयपाल सिंह के द्वारा दादरी में पॉलीथीन जब्ती करण अभियान चलाया गया, जिसमें पालिका सीमा अंतर्गत लगभग 80 किलो पॉलिथीन जप्त किया गया एवं 9 दुकानदारों पर पॉलीथीन पाए जाने पर 58000 का जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि पॉलिथीन जब्तीकरण अभियान में स्वास्थ्य प्रभारी सौरभ मेवाती, रामप्रवेश पाल , तुषार शर्मा, सुधीर, विजेंदर सिंह, सोबीर सिह इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा प्लास्टिक पॉलीथीन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है, व्यापक प्रचार प्रसार करने के उपरांत भी दुकानदारों द्वारा पॉलीथीन का प्रयोग किया जा रहा है, जिस कारण जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रतिदिन पॉलिथीन जब्ती करण अभियान चलेगा। अभियान के अंतर्गत जिन दुकानदारों द्वारा पॉलिथीन भंडारण एवं क्रय विक्रय करते पाया जाएगा, उन पर शासनादेशों के अनुपालन में जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।



# 26वीं अंतरवाहिनी पीएसी पूर्वी जोन कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी।** जनपद के राजगढ़ स्थित 33वीं वाहिनी पीएसी मैदान में 26वीं पूर्वी जोन अंतरवाहिनी कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ इस प्रतियोगिता में कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, बॉडीबिल्डिंग, आर्म रैसलिंग, पावर लिफ्टिंग एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। यह आयोजन 12 जुलाई से प्रारंभ होकर 15 जुलाई को समाप्त होगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की दस टीमें सम्मिलित हो रही हैं 35 वी वाहिनी पीएसी के अतिरिक्त प्रतियोगिताएं मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के उद्घाटन दिवस पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा समस्त टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया गया एवं टीम कैप्टन 33वीं वाहिनी द्वारा शपथ दिलाई गई। आज के खेल में भारोत्तोलन, पावरलिफ्टिंग और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच (कबड्डी) में 39वीं वाहिनी मिरजापुर व 48वीं वाहिनी सोनभद्र के मध्य हुआ जिसमें 48वीं वाहिनी विजयी रही इसी क्रम में द्वितीय मैच में 37वीं वाहिनी तथा तृतीय मैच में 48वीं वाहिनी व चतुर्थ मैच में 42वीं वाहिनी विजयी रही। उद्घाटन मैच (भारोत्तोलन ) में 55 किग्रा भार वर्ग में 39वीं वाहिनी, 61 किग्रा भार वर्ग में 34वीं वाहिनी, 67 किग्रा भार वर्ग में 34वीं वाहिनी, 96 किग्रा भार वर्ग में 36वीं वाहिनी, 73 किग्रा भार वर्ग में 34वीं वाहिनी, 102 किग्रा भार वर्ग में 33वीं वाहिनी तथा 109 भार वर्ग में 42वीं वाहिनी विजयी रही। उद्घाटन मैच (कुश्ती ग्रीको-रोमन) में 55 किग्रा भार वर्ग में 20वीं वाहिनी व 130 किग्रा भार वर्ग में 36वीं वाहिनी विजयी रही।



# मैहर डेल्हा मोड़ से सरलानगर रोड तहफ नाला निर्माण के लिये 33लाख 71हजार रूपये हुए स्वीकृत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** एम पी आरडी सी द्वारा होगा नाले का निर्माण 400 मीटर मेहर उमरिया सड़क मार्ग में डेल्हा मोड़ के पास बनेगा नाला श्रीकांत चतुर्वेदी की पहल से मिली बड़ी स्वीकृति मैहर विधानसभा क्षेत्र के डेल्हा मोड़ से लेकर सरलानगर रोड पर पानी की निकासी ना होने के कारण वहां पर काफी पानी का जलभराव हो जाता था जिसके कारण वहां के स्थानीय लोग पिछले 7-8 वर्षों से लगातार उस समस्या से परेशानी झेल रहे थे विगत दिनों हुई भयंकर बारिश के चक्कर में वहां पर जलभराव काफी बढ़ गया था जिससे आवागमन में काफी लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था इतना ही नहीं लोगों के घरों तक में पानी घुसने लगा जिसको लेकर के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति जो श्रीकांत चतुर्वेदी ने स्थानीय निवासी एवं समाजसेवियों की सहायता से स्थानी मुद्दे को वहीं बैठ कर के बड़ी आसानी के साथ सुलझा लिया गया वहां पर स्थानीय सहमति से नाली निर्माण के लिए जमीन खोदने की स्वीकृति भी मिल गई जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधक स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरपंच और वहां के समाजसेवियों की सहायता से इस मुद्दे को बड़ी आसानी से सुलझा कर नाला निर्माण कराने की तैयारी कर ली गई इस समस्या से निजात दिलाने अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के प्रबंधक ने अपनी मशीनरी की सहायता से चंद घंटों पर ही वहां पर नाला निर्माण का कार्य शुरू कर दिया लेकिन इस मामले से नाखुश स्थानीय जनप्रतिनिधि ने फैक्ट्री में दबाव बनाकर काम को बंद करा दिया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उस मामले को लेकर पुनः श्रीकांत चतुर्वेदी से अवगत कराया जिसका श्रीकांत चतुर्वेदी ने एमपीआरडीसी विभाग से बातचीत कर पक्का नाला निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराकर अब स्थाई नाला निर्माण कराया जाएगा जिसके लिए एमपीआरडीसी ने 34 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृति की है इस मामले में एमपीआरडीसी के अधिकारी ने बताया कि नाला निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएगा जो लगभग हफ्ता से 15 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा जिसको लेकर के स्थानीय लोगों ने चतुर्वेदी को बधाई दी है।





# नोएडा सपा व्यापार सभा की कार्यकारिणी घोषित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 33 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर व्यापार सभा की कार्यकारिणी की घोषणा सेक्टर 33 में प्रेस वार्ता के दौरान की गई, बाबूलाल बंसल को नोएडा महानगर व्यापार सभा का अध्यक्ष बनाया गया जबकि शिव कुमार यादव को महासचिव इसके अलावा चार उपाध्यक्ष,विजेंद्र यादव मुसरत खान, हाजी खालिद व अंकुर बंसल कोषाध्यक्ष मनीष गोयल सचिव अमित गौतम ,अरुण गोयल, रमेश कुमार, पुनीत गर्ग ,इस्लाम ,निश्चल ,दीपक मावी, पलास मालाकार सचिव वह कार्यकारिणी सदस्य में अनिल गोयल ,गगन गर्ग ,भास्कर राय ,संजय यादव ,प्रेम प्रकाश गौड़ ,उमेश सिंह गौतम, पलाश मालाबार ,उमेश सिंह ,निश्चल महानगर अध्यक्ष ने आश्रय गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्होंने नोएडा में छोटे व्यापारियों और बड़े व्यापारियों के साथ हो रहे शोषण का भी मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी व्यापारियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है किसी भी व्यापारी वर्ग का शोषण नहीं करने दिया जाएगा प्रेस वार्ता में उपस्थित मुख्य लोगों में विकास यादव, विपिन अग्रवाल, गौरव कुमार यादव, मनोज गोयल, महकार सिंह तवर ,अनिल पंडित, सुरेंद्र गौतम, रामवीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मध्यप्रदेश ।**उन्होंने आरोप लगाया है केंद्र और प्रदेश की सरकारें संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई ऐसे उदाहरण है जिससे यह कहा जा सकता है कि संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा है कि संविधान कुछ कह रहा है जबकि सरकारें कुछ और कह रही हैं। संविधान पर संकट है और संविधान को खत्म करने की साजिश की जा रही है। इसीलिए कांग्रेस लोगों को जागरूक करने के लिए संविधान बचाओ संकल्प सभा आयोजित कर रही है। कांग्रेस द्वारा संविधान को बचाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक पर बीजेपी नेता द्वारा पेशाब किए जाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि देश के लिए यह घटना शर्मनाक है। लेकिन आरोपी के खिलाफ संविधान के तहत एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पीड़ित को बुलाकर पांव धुले। लेकिन उसके बाद भी मुकदमा न दर्ज करना संविधान के साथ भद्दा मजाक नहीं तो और क्या है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को भी खत्म करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कोई भी संस्था स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर रही है। सरकार तेजी से निजीकरण की ओर बढ़ रही है और लोगों के हक हुकूक को खत्म कर रही है। संविधान बचाने के लिए ही कांग्रेस अभियान चला रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने दावा किया है कि 2024 में देश में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। चुनाव से गठबंधन के सवाल पर कहा है कि इसका निर्णय पार्टी हाईकमान करेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस पर कोई फैसला करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने महंगाई के लिए कालाबाजारी और जमाखोरी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुनाफाखोरों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि बीजेपी को यूजीसी से पहले देश की महंगाई और बेरोजगारी का चर्चा करनी चाहिए। अन्याय और अत्याचार पर चर्चा करना चाहिए। सरकार अपनी जिम्मेदारियों से पीछे भाग रही है। टमाटर और सब्जियां आम आदमी की थाली से गायब हो गई हैं। दालों की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। लेकिन सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा है कि यूसीसी पर चर्चा से पब्लिक को कुछ भी मिलने वाला नहीं है। वहीं मणिपुर हिंसा को लेकर कहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार राज्यों में आग लगा रही है और 2024 के लिए जमीन तैयार करने में जुटी है। उन्होंने कहा है कि यह पूरी तरह से गलत है और संविधान के विरुद्ध है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा आर एस एस नेता के खिलाफ टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ दर्ज हो रहे मुकदमों को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है।



# सेवा प्रदायगी पखवाड़े के साथ जनसंख्या स्थिरता अभियान का दूसरा चरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** इच्छुक दंपति को उपलब्ध करायी जाएंगी परिवार नियोजन सेवाएं विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) से विश्व जनसंख्या स्थिरता अभियान का दूसरा चरण सेवा प्रदायगी पखवाड़ा शुरू हो रहा है। इस पखवाड़े के तहत इच्छुक लाभार्थियों (दंपति) को परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डा. ललित कुमार ने बताया- मंगलवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी और छोटे परिवार के बड़े फायदों के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया विश्व जनसंख्या स्थिरता अभियान दो चरणों में चलाया जा रहा है। पहला चरण 27 जून से 10 जुलाई तक चला। इसे दंपति संपर्क पखवाड़े के रूप में मनाया गया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लक्षित दंपति से संपर्क किया और उनको परिवार नियोजन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। दूसरा चरण मंगलवार (11 जुलाई) से जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुरू होगा। यह पखवाड़ा 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान इच्छुक लाभार्थी दंपति को परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत नसबंदी शिविरों का आयोजन होगा, जिसमें महिला और पुरुष नसबंदी सेवा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा- पुरुष और महिला नसबंदी, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, माला एन, कंडोम, छाया और ईसीपी की गोलियां बास्केट ऑफ च्वाइस का हिस्सा हैं, जिसे जो भी साधन उपयुक्त लगे वह इसका प्रयोग करके बच्चों के जन्म के बीच सुरक्षित अंतर रख सकता है। उन्होंने बताया-दंपति संपर्क पखवाड़े के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नव दंपति, एक वर्ष के दौरान प्रसव वाले दंपति और तीन या उससे अधिक संतानों वाले दंपति से मिलकर परिवार नियोजन कार्यक्रम के बारे में बताया और इच्छुक दंपति को परिवार नियोजन सेवाओं के लिए पंजीकृत किया। अब इन्हीं पंजीकृत दंपति को परिवार नियोजन की स्थाई सेवा (नसबंदी) उपलब्ध करायी जाएगी।

# जीएलबीआईएमआर ने प्रौद्योगिकी और शिक्षा में क्रांति लाने वाले अत्याधुनिक डिजिटल क्लासरूम का उद्घाटन किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बीआईएमआर ने अपने प्रांगण में महत्वपूर्ण तीन डिजिटल क्लास रूम का उद्घाटन किया। ये डिजिटल क्लासरूम अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत सुविधाओं से लैस हैं, जो इंटरैक्टिव सीखने की सुविधा प्रदान करते हैं। आईआईएम, तिरुचिरापल्ली के निदेशक पवन कुमार सिंह ने डिजिटल कक्षाओं का उद्घाटन किया और कहा, ठआज, हम इन अत्याधुनिक डिजिटल कक्षाओं की शुरुआत के साथ जीएल बजाज की शैक्षिक यात्रा में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। यह परिवर्तनकारी पहल हमारे शैक्षणिक दृष्टिकोण को बढ़ाएगी, जिससे हमारे छात्र गहनता से ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम होंगे। जीएल बजाज एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ठशिक्षा अब पाठ्यपुस्तकों और ब्लैकबोर्ड तक ही सीमित नहीं है। डिजिटल क्रांति ने सीखने के अधिक गतिशील और आकर्षक माहौल का मार्ग प्रशस्त किया है। जीएलबीआईएमआर की निदेशक डॉ. सपना राकेश ने डिजिटल कक्षाओं के लॉन्च और उनके द्वारा समग्र शिक्षण अनुभव के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में अपनी प्रसन्नता साझा की। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के उपयोग से छात्रों को पारंपरिक व्याख्यानों की शैली को तोड़ते हुए अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक ढंग से विषयों का पता लगाने में मदद मिलेगी। कक्षाओं में उच्च-रिज़ॉल्यूशन डिस्प्ले वाली तीन बड़ी स्क्रीन हैं। जो कमरे के हर कोने से स्पष्ट दृश्यता सुनिश्चित करती हैं। डिजिटल कक्षाएँ इंटरैक्टिव बोर्डों से सुसज्जित हैं जो प्रशिक्षकों और छात्रों को निर्बाध रूप से सहयोग करने में सक्षम बनाती हैं। डिजिटल कक्षाएँ इस क्षेत्र में अपनी तरह की अनूठी कक्षाएँ हैं जिनमें प्रत्येक कक्षा में 64 छात्र बैठ सकते है। पैनल स्क्रीन सक्रिय भागीदारी, एनोटेशन हाइलाइटिंग और इंटरैक्टिव अभ्यास के लिए सज्जित है और ऑडियो, वीडियो और एनिमेशन जैसे मल्टीमीडिया संसाधनों का एकीकरण सीखने की प्रक्रिया में एक अतिरिक्त आयाम जोड़ती है। इन सुविधाओं के अलावा, डिजिटल कक्षाओं में एर्गोनोमिक बैठने की व्यवस्था, वाई-फाई कनेक्टिविटी, क्लास रिकॉर्डिंग, स्मार्ट उपस्थिति और स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम भी हैं, जो छात्रों के लिए एक आरामदायक और अनुकूल सीखने का माहौल सुनिश्चित करते हैं।



# मैहर में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाला सरगना कौन



कार्यालय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल मैहर जिला सतना (म०प्र०)

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मैहर में इनदिनों फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाला गिरोह सक्रिय है मामले में खुलासा तब हुआ जब प्रमाण पत्र को लेकर उपयोगकर्ता डॉ प्रदीप निगम के पास पहुँचे। उन्होंने देखा कि जन्म प्रमाणपत्र में तो कंप्यूटरीकृत दस्तखत होते है लेकिन इनमें ऐसी आवश्यकता क्यो पड़ी। उन्होंने सभी मीले फर्जी प्रमाणपत्रों किये गए फर्जीवाड़े का यूजर आईडी सहित मामले की लिखित शिकायत मुख्यचिकित्सा अधिकारी सतना,कलेक्टर सतना व थाना मैहर को सौंपी है। मामला संगीन है इसलिए जांच भी आवश्यक है कि आखिर इस फर्जीवाड़े का सरगना कौन है। फिलहाल मामला पुलिसिया जांच में है देखने लायक होगा कि मैहर पुलिस इस फर्जी के गिरेवान तक कब पहुचती है।

# राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** आवेदन पत्र जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में 25 जुलाई तक करें जम विश्व दिव्यांग दिवस'' 03 दिसम्बर, 2023 के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं, जिसके अन्तर्गत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/ स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए, प्रेरणास्रोत हेतु, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/ बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों के लिए एवं दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए श्रेणी निर्धारित की गयी है। राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी एवं आवदेन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं को अवगत कराना है कि उक्त श्रेणी अंतर्गत निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण कर दो प्रतियों में दिनांक 25 जुलाई, 2023 तक विकास भवन, प्रयागराज में कक्ष संख्या-13 स्थित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री नन्द किशोर याज्ञिक ने दी है।



# टॉम क्रूज की फिल्म ने की बंपर ओपनिंग 10 करोड़ के पार हुआ कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टॉम क्रूज की एक्शन एडवेंचर फिल्म मिशन इम्पॉसिबल दुनियाभर में तगड़ी फैन फॉलोइंग रखती है। फिल्म की सातवीं सीरीज 7 के बिजनेस पर नजर बनाए हुए है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर करोड़ों में बिजनेस किया है। इस बीच बीते दिन मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन रिलीज कर दी गई है। डेड रेकनिंग पार्ट वन ने एडवांस बुकिंग में अच्छा परफॉर्म किया था। फिल्म की एडवांस बुकिंग 5 जुलाई को शुरू हुई थी और 11 जुलाई तक चली थी। मिशनः इम्पॉसिबल- रिपोर्ट के अनुसार, मिशन इम्पॉसिबल ने ओपनिंग डे पर डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 12.50 करोड़ के साथ खाता खोला है। ये शुरुआती आंकड़े है, इनमें फेरबदल



का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।1 हॉलीवुड की जासूसी थ्रिलर फिल्म मिशन इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन चर्चा में बनी हुई है। बीते दिन फिल्म को दुनियाभरों के थिएटर्स में रिलीज कर दिया गया है। अब ट्रेड एनालिस्ट फिल्म मिशन इम्पॉसिबल अब फिल्म के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आ गया है। मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन साल 2023 की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म को भारत में हिंदी और इंग्लिश के साथ तमिल और तेलुगु में भी रिलीज किया गया है। मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन ने पांच दिनों में करोड़ों के टिकट रिलीज के पहले ही बेच लिए थे। ने पहले दिन कमाए इतने करो ़मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो भारत में फिल्म ने 10 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया। की संभव है।मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन का डायरेक्शन क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने किया है। फिल्म में टॉम क्रूज के साथ पोम क्लेमेंटिएफ, विंग रेम्स, साइमन पेग, रेबेका फर्ग्यूसन, वैनेसा किर्बी और हेनरी कर्जनी भी हैं। इसे पैरामाउंट पिक्चर्स और स्काईडांस ने प्रेजेंट किया है।

# एक शॉट के बाद तुरंत बाहर निकाली गई थीं कटरीना कैफ, मशहूर होने से पहले हुईं कई बार रिजेक्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कटरीना कैफ की गिनती आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। शालीनता से ग्लैमरस डांस करने में उनका कोई तोड़ नहीं है। अपनी एक्टिंग स्किल्स पर उन्होंने काफी काम किया, जिसका नतीजा उनकी अब रिलीज होने वाली फिल्मों में देखने को मिल जाता है। बाकी खूबसूरती में तो शुरू से ही उनका कोई सानी नहीं रहा। फिल्म इंडस्ट्री में कई विदेशी आए मगर सफलता का स्वाद कुछ ने ही चखा। इसमें सबसे बड़ा नाम कटरीना कैफ हैं। एक्ट्रेस आज हिंदी सिनेमा का चर्चित नाम हैं लेकिन सफलता के इस शिखर तक पहुंचने के लिए उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। ठीक तरह से हिंदी न बोल पाना एक समय में एक्ट्रेस के लिए मुसीबत का कारण बन गया था। ग्लैमरस पर्सनालिटी, तीखे नैन नक्श और शोहरत की जिंदगी जीने वाली कटरीना कैफ आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं, लेकिन एक वक्त था, जब इसी पहचान को पाने के लिए वह लगातार ऑडिशन देती थीं, जिसमें निराशा ही हाथ लगती थी। कटरीना कैफ के पास आज जो सफलता है, उसे हासिल करने के लिए उन्हें काफी स्ट्रगल करना पड़ा। वह एक या दो बार नहीं, बल्कि कई-कई बार ऑडिशन्स में रिजेक्ट हो चुकी थीं। एक बार तो ऐसा हुआ कि जब कटरीना को



फिल्म मिल गई, तो एक शॉट के बाद उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। यहां तक कि उन्हें कहा जा चुका था कि वह कभी हीरोइन नहीं बन सकतीं। कटरीना का स्ट्रगल यहीं खत्म नहीं हुआ। जब उन्हें फिल्में मिल भी गईं, तब भी हिंदी भाषा में कमजोर पकड़ उनके लिए बड़ी चुनौती बन गई कटरीना कैफ का जन्म 16 जुलाई, 1983 को हांगकांग में एक कश्मीरी पिता, मोहम्मद कैफ और एक ब्रिटिश मां, सुजैन तुरकोट्टे के घर हुआ था। उनका परिवार उनके बचपन के दौरान जापान, फ्रांस, स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड सहित कई देशों में चला गया। नतीजतन, कैटरीना अंग्रेजी, हिंदी और फ्रेंच सहित कई भाषाएं बोलकर बड़ी हुईं। 14 की उम्र में मॉडलिंग शुरू की। अभिनय में हाथ आजमाने के लिए भारत चली आईं। यहां उन्हें अपने करियर में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ा, वह थी कमजोर हिंदी और भारतीय संस्कृति के ज्ञान की कमी। विदेशी लुक की कटरीना विभिन्न देशों में पली-बढ़ीं, और भारतीय फिल्म उद्योग से परिचित नहीं थी। करियर के शुरुआती दिनों में एक्ट्रेस को इन्हीं कारणों से कई आलोचनाओं का शिकार करना पड़ा। 'बूम' कटरीना की पहली फिल्म थी। इसमें गुलशन ग्रोवर के साथ उन्होंने कई अंतरंग दृश्य फिल्माए थे। पहली ही फिल्म में कटरीना का गुलशन ग्रोवर के साथ किसिंग सीन था। फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई, और इसी के साथ एक्ट्रेस का बॉलीवुड में पांव जमाने का स्ट्रगल भी बढ़ गया। कटरीना कैफ की 2005 में 'मैंने प्यार क्यों किया' रिलीज हुई थी। यह फिल्म सलमान खान के साथ थी। इससे पहले उनकी जितनी भी फिल्में रिलीज हुईं, उन सबमें उन्हें न के बराबर नोटिस किया गया। 'मैंने प्यार क्यों किया' वह पहली फिल्म थी, जिसमें कटरीना का ठीकठाक रोल था, और उनकी स्क्रीन प्रेजेंस को एकनॉलेज किया गया। इसके बाद वह कई सफल फिल्मों में दिखाई दीं, जिनमें नमस्ते लंदन (2007), सिंह इज किंग (2008), न्यूयॉर्क (2009), राजनीति (2010), जिंदगी न मिलेगी दोबारा (2011), एक था टाइगर (2012), धूम 3 (2013), और भारत (2019) जैसी फिल्में शामिल हैं। 'शीला की जवानी' और 'चिकनी चमेली' कटरीना के पॉपुलर आइटम सॉन्ग्स हैं।

# शाह रुख खान ने जवान का प्रीव्यू रिलीज करने से पहले सलमान खान को था दिखाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान और सलमान खान फिल्म 'पठान' में एक साथ नजर आए थे। दोनों ने 28 वर्षों के बाद एक साथ काम



किया था। दोनों इसके पहले करण-अर्जुन फिल्म में एक साथ नजर आए थे। हाल ही में, जवान का प्रीव्यू रिलीज हुआ है। इस पर सलमान खान ने भी प्रतिक्रिया दी थी। अब शाह रुख खान ने इस पर मजेदार अंदाज में थैंक यू कहा है।शाह रुख खान ने सोमवार को फिल्म जवान का प्रीव्यू लांच किया था। इसे काफी पसंद किया गया है और इसे अब तक मिलियंस में व्यूज मिल चुके हैं। यह एक्शन से भरपूर ट्रेलर है। इसमें शाह रुख खान को गंजा दिखाया गया है। सलमान खान ने भी शाह रुख खान के लुक की सराहना की है। उन्होंने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा था, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शाह रुख खान ने इस बात का खुलासा किया है कि उन्होंने ट्रेलर सलमान खान को पहले ही दिखा दिया था। इस बारे में बताते हुए शाह रुख खान कहते हैं शाह रुख खान की प्रतिक्रिया पर फैंस दिल खोलकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक ने लिखा है, सलमान और शाह रुख बॉलीवुड के राम और लक्ष्मण हैं। वहीं, कई लोगों ने दिल और आग की इमोजी शेयर की है। सलमान और शाह रुख जल्द किस फिल्म में साथ काम करते नजर आएंगे सलमान खान और शाह रुख खान जल्द टाइगर 3 में साथ काम करते नजर आएंगे। यह फिल्म दिवाली पर रिलीज होने वाली है। इसके पहले, 7 सितंबर को जवान रिलीज हो रही है। सलमान खान और शाह रुख खान के बीच कभी लड़ाई हो गई थी लेकिन अब दोनों के बीच सबकुछ ठीक है। पठान फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा व्यापार किया है।

# सुम्बुल तौकीर खान ने पिता की दूसरी शादी पर तोड़ी चुप्पी, नई मां को लेकर कही ऐसी बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 16' की कंटेस्टेंट और टीवी एक्ट्रेस सुम्बुल दूसरी शादी की है । संुबुल के परिवार के लिए यह ईद बेहद खास थी। इस ईद पर एक्ट्रेस का पूरा बहन की तारीफ भी। उन्होंने मेरे पास एक छोटी बहन भी आई है, बहुत परेशान करती है लेकिन बहुत



तौकीर खान इन दिनों अपनी फैमिली के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजार रही हैं। दरअसल, हाल ही में उनके पिता तौकीर खान ने दूसरी शादी की है। अब एक्ट्रेस ने एक इवेंट के दौरान उनका जिक्र करते हुए कुछ बातें कहीं। एक्ट्रेस सुम्बुल तौकीर खान इन दिनों अपनी फैमिली के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजार रही हैं। दरअसल हाल ही में उनके पिता तौकीर खान ने परिवार नजर आ रहा है। सेलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें सुम्बुल तौकीर अपने परिवार और नई अम्मी के आने की खुशी साझा कर रही हैं। उन्होंने कहा मेरी फैमिली पहले भी हैप्पी थी और अब ज्यादा हैप्पी हो गई है। बहुत अच्छा लगता है मुझे कि मेरे पास एक नॉर्मल फैमिली है। आगे एक्ट्रेस ने अपनी छोटी ही प्यारी है। संुबुल के परिवार के लिए यह ईद बेहद खास थी। इस ईद पर एक्ट्रेस का पूरा परिवार नजर आया था। दरअसल, इस ईद पर एक्ट्रेस की मम्मी भी उनके साथ रही। ऐसे में एक्ट्रेस ने यह ईद अपनी मां नीलोफर के साथ ईद को सेलिब्रेट किया था। संुबुल के पिता ने बेगम नीलोफर की भी फोटो शेयर की थी, जिसमें उनकी शक्ल नहीं दिखाई।

# पंजाबी फैमिली की परफेक्ट बहू हैं कटरीना देखिए ससुराल में बॉन्डिंग की तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आई चिकनी चमेली...चुप के अकेली पावूओ चड़ा के आई...आई चिकनी चमेली। बॉलीवुड की चमेली यानी कटरीना कैफ 16 जुलाई यानी को अपना 40वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। कटरीना कैफ 16 जुलाई यानी को अपना 40वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। कटरीना आज फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं लेकिन एक समय ऐसा भी था जब उन्हें हिंदी भी सही से नहीं आती थी और आज एक्ट्रेस पंजाबी फैमिली की दुल्हन है। एक्ट्रेस





अक्सर अपने ससुराल वालों के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करती रहती हैं। कटरीना आज फिल्म इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं, लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें हिंदी भी सही से नहीं आती थी और आज एक्ट्रेस पंजाबी फैमिली की दुल्हन है। एक्ट्रेस अक्सर अपने ससुराल वालों के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करती रहती हैं। जन्मदिन के मौके पर हम आपको बता रहें है उनकी बॉन्डिंग अपने ससुराल में कैसी है। कटरीना कैफ ने साल 2021 में पंजाबी मुंडे विक्की कौशल के साथ शादी कर अपना घर बसाया था। कैट शादी के बाद अपने ससुराल वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताती है। इतना ही नहीं वह हर त्योहार विक्की के पेरेंट्स के साथ सेलिब्रेट करती है। फिर चाहे होली हो या दीवानी। कटरीना कैफ का अपने ससुराल वाले के साथ बहू का नहीं बल्कि बेटी का रिश्ता है। विक्की कौशल ने एक इंटरव्यू में बताया कि, कटरीना ने शादी के बाद थोड़ी-थोड़ी पंजाबी सीखी है। विक्की ने कैट के पसंदीदा पंजाबी शब्द के बारे में भी बताया था कि कैट ज्यादातर 'हांजी' शब्द का इस्तेमाल करती है। अक्सर यही देखने को मिलता है कि कटरीना सारे फंक्शन बिल्कुल पारंपरिक तरीके से निभाती है। कटरीना ने अपनी सास से शादी के बाद खाना बनाना भी सीखा है। मदर्स डे के मौके पर एक्ट्रेस ने अपनी मां और सासू मां के साथ प्यारी तस्वीरें पोस्ट की थी। सास-बहू की बॉन्डिंग फोटो में देखने लायक नजर आ रही है। बता दें, शादी से पहले कटरीना सिर्फ कॉफी बनाना जानती थीं। अब वह अपने पति विक?की कौशल और सास-ससुर के लिए सही तरीके से खाना बनाना सीख रही हैं। वह अक्सर अपने ससुराल वालों के साथ लंच और डिनर भी करती है। कटरीना और विक्की ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। दोनों ने राजस्थान में बरवाड़ा फोर्ट में सिक्स सेंसेज रिजॉर्ट में सात फेरे लिए थे। कटरीना और विक्की की शादी में परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे।

# अक्षय कुमार की ओ एम जी 2 की बढ़ी मुश्किलें, सेंसर बोर्ड ने रिवीजन कमेटी को दिखाने का दिया सुझाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार की जल्द फिल्म ओ माई गॉड रिलीज होने वाली है। इस बीच सेंसर बोर्ड की कमेटी ने इस फिल्म को रिवीजन कमेटी को दिखाने का सुझाव दिया है। ई टाइम्स में छपी खबर के अनुसार सेंसर बोर्ड ने फिल्म देखने के बाद निर्माताओं को यह सुझाव दिया है कि वह इस फिल्म को रिवीजन कमेटी को भी दिखाएं। ऐसा लग रहा है अक्षय कुमार की फिल्म ओ माई गॉड 2 फिल्म परेशानी में पड़ गई है। फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ओ माई गॉड 2 को लेकर खबर आ रही है कि इस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने रिवीजन बोर्ड को दिखाने का सुझाव दिया है। हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था। फिल्म में अक्षय के अलावा पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम की अहम भूमिका है ओ माई गॉड 2 के निर्माताओं को सेंसर बोर्ड से अभी शो कॉज नोटिस जारी नहीं हुआ है। सेंसर बोर्ड और निर्माताओं ने अभी इस पर चुप्पी साध रखी है। हालांकि, फिल्म प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने ई टाइम्स से कहा है गौरतलब है कि अब से कुछ दिनों पहले अक्षय कुमार ने ओ माई गॉड 2 का टीजर जारी किया है। इसमें वे भगवान शंकर की भूमिका में नजर आ रहे है और वह हर हर महादेव कहते नजर आ रहे हैं। उन के कपाल पर भस्म लगी हुई है। हाल ही में, निर्माताओं ने यामी गौतम का भी लुक जारी किया है। वह इस फिल्म में एक वकील की भूमिका में है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी की भी अहम भूमिका है। ओ माई गॉड का निर्देशन अमित राय ने किया है। यह फिल्म अक्षय कुमार और परेश रावल की फिल्म ओ माई गॉड का सीक्वल है। इस फिल्म में अक्षय ने भगवान श्री कृष्ण की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर सनी देओल की फिल्म गदर 2 से हो रही है अक्षय कुमार फिल्म अभिनेता है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी हाल ही में फिल्म सेल्फी रिलीज हुई थी। इसमें उनके अलावा इमरान हाशमी की अहम भूमिका थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी।



# टॉम क्रूज की एम आई 7 ने बिगाड़ा खेल सत्यप्रेम की कथा को लगा करोड़ों का घाटा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा को रिलीज हुए स्टारर हॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्म मिशन इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन भी रिलीज हो गई है जिसका असर सत्यप्रेम की कथा



2 हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग ली थी, लेकिन पहले हफ्ता पूरा करने के साथ ही सत्यप्रेम की कथा का बिजनेस गिरने लगा। 14 सत्यप्रेम की कथा ने रिलीज के दो हफ्ते पूरे कर लिए है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन अब कलेक्शन लगातार गिरता जा रहा है। वहीं बीते दिन टॉम क्रूज की फिल्म मिशनः इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग ने भी सत्यप्रेम की कथा को झटका दे दिया है। श्घ् 7 इस साल की मच अवेटेड फिल्म है। मिशन इम्पॉसिबल ने एडवांस बुकिंग में भी शानदार बिजनेस किया। बीते दिन टॉम क्रूज की इस एक्शन एडवेंचर फिल्म को दुनियाभर में रिलीज कर दिया गया, जिसका असर सत्यप्रेम की कथा के बिजनेस पर भी पड़ा ओपनिंग डे रहा शानदार 29 जून को रिलीज हुई कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 9.25 करोड़ का बिजनेस किया। ओपनिंग डे पर अच्छी शुरुआत करने के बाद फिल्म ने वीकेंड पर भी ठीक-ठाक कमाई की और ओपनिंग वीकेंड पर 37.35 करोड़ का बिजनेस कर लिया।सत्यप्रेम की कथा को भी सभी फिल्मों की तरह वर्क डेज की मार सहनी पड़ी। पहले रविवार को 11.50 करोड़ कमाने के बाद फिल्म का बिजनेस सोमवार को गिरकर सीधा 3.90 करोड़ पर पहुंच गया। हालांकि, फिल्म ने कलेक्शन को ज्यादा गिरने नहीं दिया और पहले हफ्ते में 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। सत्यप्रेम की कथा के दूसरे हफ्ते में बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें ऍम्हग्त्व् की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने सोमवार (10 जुलाई) को 2 करोड़ और मंगलवार (11 जुलाई) को 2.10 करोड़ का बिजनेस किया वहीं, बुधवार को बिजनेस में लगभग 1 करोड़ की गिरावट आई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, सत्यप्रेम की कथा ने 12 जुलाई को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 1.25 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। इसके साथ ही सत्यप्रेम की कथा ने दो हफ्ते यानी 14 दिनों में डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर लगभग 71.41 करोड़ का नेट बिजनेस कर लिया है। फिल्म की स्टार कास्ट सत्यप्रेम की कथा समीर विद्वांस के डायरेक्शन में बनी हैं। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के साथ एक दमदार सपोर्टिंग स्टार कास्ट है। फिल्म में सुप्रिया पाठक कपूर, गजराज राव, सिद्धार्थ रंदेरिया, अनुराधा पटेल, राजपाल यादव, निर्मित सावंत और शिखा तल्सानिया अहम किरदारों में हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।